पटना ● सोमवार, 20 मई 2024 | मूल्य: 5:00, पृष्ठ: 8 | वर्ष: 5, अंक:134 | www.bordernewsmirror@gmail.com ☎ 9471060219, 9470050309

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...

बॉर्डर
# न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

राष्ट्रीय द्विभाषिक समाचार पत्र



समस्या के रूप में नहीं, बल्कि... 3 | www.bordernewsmirror.com | साउथ फिल्मों में जलवा... 8

## हरियाणा के कैथल में भाजपा अध्यक्ष जेपी नडडा की रैली

- बोले-मोदी ने राजनीति की संस्कृति बदली, कहा-ईमानदार पार्टी के 3-3 नेता जेल में



कैथल (एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में न केवल हरियाणा या देश ही नहीं, बल्कि भारत की राजनीति की संस्कृति बदल गई है और काम काज का तरीका बदल गया है। देश में आज जवाबदेही की राजनीति है। उन्होंने विपक्ष के गठबंधन को घमंडिया गठबंधन बताया। इस मौके पर सीएम नायब सैनी भी उनके साथ रहे। नड्डा रविवार को कैथल में चंदाना गेट पर भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

## मोदी को 400 सीटें दीजिए, 'यूसीसी' लेकर आएंगे!

- देश से खल्लास हो जाएंगी मुल्ला पैदा करने वाली दुकानें

सीवान (एजेंसी)। असम के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि अगर एनडीए 400 सीटों के साथ सत्ता में लौटता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली



सरकार समान नागरिक संहिता लेकर आएगा। इसके साथ ही मुस्लिमों में चार बार शादी करने के व्यवसाय को समाप्त कर देगा। उन्होंने मदरसों की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि हम मुल्ला पैदा करने वाली दुकानें बंद कर देंगे और मुस्लिम आरक्षण खत्म कर देंगे। असम के मुख्यमंत्री ने शनिवार को सीवान के रघुनाथपुर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, मोदी को 400 सीटें दीजिए, समान नागरिक संहिता आएगी और हम चार शादी करने का दुकान का यह धंधा बंद कर देंगे।

## पीएम के भाषण से 400 पार और मोदी की गारंटी गायब

- कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

पटना (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रविवार को पटना के सदाकत आश्रम में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। जयराम रमेश ने कहा कि 369 सीटों पर अभी तक चुनाव हो चुका है। 19



अप्रैल और 27 अप्रैल के चुनाव के बाद दक्षिण भारत में बीजेपी साफ हो गई है। वहीं, अन्य जगहों पर हाफ हो चुकी है। 4 जून को इंडिया गठबंधन के साथियों को स्पष्ट और साफ जनादेश मिल जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं से और लोगों से मिले फीडबैक के अनुसार इस बार कोई लहर नहीं है यह साफ हो चुका है। किसान वंचित वर्गों युवाओं में बीजेपी को लेकर नाराजगी काफी है।

# अब सीआईएसएफ के हाथों में संसद भवन की सुरक्षा

**हो गए आदेश, 10 साल बाद हुई सीआरपीएफ की विदाई**

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद की सुरक्षा के लिए समर्पित पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) को तैनात करने, इसकी योजना बनाने और उन्हें प्रशिक्षित करने में लगभग 13 साल लग गए लेकिन 10 साल के बाद ही इसे भंग कर दिया। 2013 से संसद भवन की सुरक्षा कर रहे लगभग 1,400 जवानों की ड्यूटी का शुक्रवार को आखिरी दिन था। अब संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों के मजबूत कंधों पर है। 2023 में संसद भवन की सुरक्षा में हुई चूक के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) अनीश दयाल सिंह और अन्य सुरक्षा विशेषज्ञों के नेतृत्व में संसद में सुरक्षा चूक की जांच की गई, जिसमें संसद भवन की सुरक्षा के पुनर्गठन की सिफारिश की गई थी। एक रिपोर्ट में नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी के हवाले से कहा, हम बहुत लंबे समय से संसद भवन की सुरक्षा कर रहे हैं। पांच महीनों के भीतर, सब कुछ बदतर हो गया और जवानों को अपने ड्यूटी को छोड़ने और नए कार्यों की तलाश करने के लिए कहा गया। उन्होंने आगे कहा, पिछले साल की सुरक्षा चूक की जांच करने वाली समिति की अध्यक्षता डीजी सीआरपीएफ ने की थी। अब सीआईएसएफ इमारत की सुरक्षा करेगी। सूत्रों ने बताया कि लगभग 150 से अधिक सैनिकों के साथ सीआईएसएफ अब संसद भवन में तैनात है।



# भ्रष्टाचारियों के बंगले-गाड़ियां बिकवाएंगे, ये मोदी की गारंटी

**पीएम मोदी बोले-टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट के पाप एक जैसे, इसलिए इंडिया गठबंधन बनाया**





बिष्णुपुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहे। उन्होंने बिष्णुपुर और पुरुलिया में जनसभाएं कीं। पुरुलिया में पीएम ने पहले रोड शो किया था। बिष्णुपुर में पीएम ने कहा कि टीएमसी हो, कांग्रेस या लेफ्ट हो, ये तीनों पार्टियां अलग-अलग दिखती हैं, लेकिन उनके पाप एक जैसे ही हैं। इसलिए इन्होंने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि इन्होंने (टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट) गरीब, मजदूर, एससी-एसटी, महिला को हमेशा नारे दिए। जहां भी इन्होंने सरकार चलाई, उन राज्यों को गरीब बनाकर छोड़ दिया। पश्चिम बंगाल इसका ताजा उदाहरण है। कभी दूसरे राज्यों के लोग रोजगार के लिए बंगाल आते थे, आज बांकुरा से पूरे बंगाल से काम के लिए पलायन कर रहे हैं। टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट का मॉडल विकास पर आधारित नहीं है। वे कुशासन, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और वंशवादी राजनीति (परिवारवाद) के मॉडल पर काम करते हैं।

## आगरा में आईटी का छापा 60 करोड़ कैश मिले

- जूता कारोबारी ने बेड-गद्दों में छिपाए थे नोट, 10 मशीनों से हुई गिनती



आगरा (एजेंसी)। आगरा में 3 जूता कारोबारियों के यहां इनकम टैक्स की टीम ने छापा मारा। एक कारोबारी के घर से 60 करोड़ रुपए के नोट बरामद हुए हैं। ये नोट बेड, गद्दों और आलमारी में छिपाकर रखे थे। इसकी तस्वीर भी सामने आई। इसमें दिख रहा है, बेड पर नोटों की गड्डियां रखी हैं। जमीन पर रखे बैग भी नोटों से भरे हैं। इनकम टैक्स टीम हरमिलाप ट्रेडर्स के मालिक रामनाथ डंग के घर और ऑफिस पहुंचीं। सर्च किया, तो उनके घर में बेड और गद्दों में नोट के बंडल मिले।

# अबकी झूमकर बरसेंगे बदरा

**लग जाएगी 'बारिश' की झड़ी**

अंडमान-निकोबार पहुंचा मानसून, 31 मई तक पहुंचेगा केरल

**एमपी में 16 से 21 जून तो राजस्थान में 25 जून के बाद दस्तक**

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अंडमान-निकोबार पहुंच गया है। 31 मई तक यह केरल पहुंच जाएगा। पिछले साल भी मानसून ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 19 मई को ही दस्तक दी थी, लेकिन केरल में 9 दिन देरी से 8 जून को पहुंचा था। इस साल मानसून सामान्य तारीख से पहले ही केरल में दस्तक दे सकता है। वैसे केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख 1 जून है। घोषित तारीख में 4 दिन कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है। यानी मानसून 28 मई से 3 जून के बीच कभी भी आ सकता है। आईएमडी के अनुसार, मानसून के मध्य प्रदेश में 16 से 21 जून और राजस्थान में 25 जून से 6 जुलाई तक पहुंचने के आसार हैं। वहीं यूपी में 18 से 25 जून और बिहार-झारखंड में 18 जून तक पहुंच जाएगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरल पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरल पहुंचा था। बीते चार साल की बात करें तो 2020 में मानसून 1 जून को, 2021 में 3 जून को, 2022 में 29 मई को और 2023 में 8 जून को केरल पहुंचा था। क्लाइमेट (जलवायु) के दो पैटर्न होते हैं, अल नीनो और ला नीना। पिछले साल अल-नीनो सक्रिय था, जबकि इस बार अल-नीनो परिस्थितियां इसी हफ्ते खत्म हुई हैं और संभावना बन रही है कि तीन से पांच हफ्तों में ला-नीना परिस्थितियां पैदा हो जाएंगी। पिछले साल अल-नीनो के समय सामान्य से कम 94 फीसदी बारिश हुई थी। 2020 से 2022 के दौरान ला-नीना ट्रिपल डिप के दौरान 109, 99 व 106 फीसदी बारिश हुई थी। पिछले महीने आईएमडी ने बताया था कि देश में इस साल सामान्य से बेहतर मानसून रहेगा।



# स्वाति मालीवाल केस में फिर सीएम हाउस पहुंची दिल्ली पुलिस

**सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर कलेक्ट किए, 5 दिन की रिमांड पर बिभव कुमार**

नई दिल्ली (एजेंसी)। एएपी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट केस की जांच के लिए दिल्ली पुलिस रविवार दोपहर सीएम हाउस पहुंची। वहां से पुलिस ने मारपीट के समय के सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर कलेक्ट किए। मारपीट के आरोपी और सीएम अरविंद केजरीवाल के पर्सनल असिस्टेंट बिभव कुमार को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। बिभव को सीएम हाउस से ही शनिवार शाम 4.30 बजे गिरफ्तार किया गया था। देर रात उन्हें तीस हजारी कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली पुलिस ने बिभव की 7 दिन की कस्टडी मांगी थी। पुलिस की ओर से एडवोकेट अतुल श्रीवास्तव ने बिभव की कस्टडी पर दलीलें दीं। बिभव को 23 मई को अदालत में पेश किया जाएगा। बिभव की गिरफ्तारी के बाद मालीवाल ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा कि बिभव ने उन्हें थप्पड़ और लातें मारीं। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि बिभव ने 13 मई को सीएम हाउस में मारपीट और बदसलूकी की। उनके कपड़े तक फट गए थे। स्वाति ने 16 मई को शाम 6.15 बजे एफआईआर करवाई थी।



### केजरीवाल बोले- पीएम ने ऑपरेशन झाड़ू लॉन्च किया

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एएपी सांसदों, विधायकों और नेताओं के साथ भाजपा हेडक्वार्टर पर प्रदर्शन के लिए मार्च किया। वे दोपहर 12 बजे आम आदमी पार्टी (एएपी) के ऑफिस पहुंचे और आधे घंटे बाद पार्टी नेताओं के साथ 800 मीटर दूर भाजपा हेडक्वार्टर की ओर कूच कर गए। हालांकि प्रदर्शन किसी बड़े नेता की गिरफ्तारी के बिना करीब 1.30 बजे खत्म हो गया। पुलिस ने कुछ एएपी समर्थकों को हिरासत में लिया, जिन्हें कुछ देर बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। भाजपा ऑफिस के बाहर धारा 144 लगा दी गई थी। साथ ही आने-जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई थी। अरविंद केजरीवाल ने 18 मई को स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपी अपने पीए बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद वीडियो जारी कर भाजपा हेडक्वार्टर पर प्रदर्शन की घोषणा की थी। उन्होंने आज कहा- भाजपा ने हमें खत्म करने के लिए तीन प्लान बनाए हैं, पहला- चुनाव बाद पार्टी के अकाउंट फ्रीज किए जाएंगे। दूसरा- पार्टी के बड़े नेताओं को गिरफ्तार किया जाएगा। तीसरा- पार्टी दफ्तर खाली कराया जाएगा। उधर एएपी के प्रदर्शन के बीच स्वाति मालीवाल ने पोस्ट किया।

## प्रयागराज में राहुल-अखिलेश की सभा में जमकर हंगामा

- समर्थकों ने सुरक्षा घेरा तोड़ा, नहीं हो पाया भाषण, दोनों मंच छोड़कर गए

प्रयागराज (एजेंसी)। प्रयागराज के फूलपुर में रविवार को राहुल गांधी और अखिलेश यादव की संयुक्त रैली में हंगामा हो गया। राहुल-अखिलेश के मंच पर पहुंचते ही समर्थक बेकाबू हो गए। उन्होंने सुरक्षा घेरा तोड़ दिया। मंच की तरफ बढ़ने लगे। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की की। पुलिस ने लाठी चलाई तो वहां भगदड़ जैसे हालत हो गए। कई समर्थक चोटिल हो गए। मंच पर बैठे अखिलेश ने समर्थकों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी ने उनकी एक नहीं सुनी। करीब 15 मिनट तक भीड़ बेकाबू रही। अखिलेश के साथ राहुल ने भी हाथ उठाकर लोगों से शांत रहने की अपील की। जब दोनों नेताओं की समर्थकों ने नहीं सुनी तो यह देखकर अखिलेश नाराज हो गए। अखिलेश उठे और मंच से जाने लगे। मंच पर मौजूद नेताओं ने अखिलेश को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह इतना नाराज हो गए कि मंच के पीछे बने हैलीपेड की तरफ चल पड़े।



# देश के 8 राज्यों की 49 सीटों पर वोटिंग आज

**लोकसभा चुनाव का पांचवां चरणः राजनाथ, स्मृति समेत 9 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री मैदान में, राहुल रायबरेली से भी लड़ रहे**

नई दिल्ली (एजेंसी)। 2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल सोमवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 32, शिवसेना ने 7, टीएमसी ने 4 सीटें जीती थीं। कांग्रेस केवल यूपी की रायबरेली सीट जीत पाई थी। अन्य को 5 सीटें मिली थीं। इस फेज में राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल समेत 9 केंद्रीय मंत्री मैदान में हैं। रायबरेली से वायनाड सांसद राहुल गांधी भी चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के पांचवें फेज में 695 कैंडीडेट्स मैदान में हैं। इनमें 613 पुरुष और 82 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 12 फीसदी हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) के मुताबिक, इस फेज के 615 उम्मीदवारों में से 23 फीसदी यानी 159 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 227 यानी 33 पीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। केवल एक उम्मीदवार ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी उत्तर प्रदेश की झांसी सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा हैं। उनके पास 212 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हो गया है। 20 मई तक कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो जाएगा।





### 159 चुनावी कैंडीडेट्स पर हत्या किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 159 कैंडीडेट ऐसे हैं, जिन पर हत्या, किडनैपिंग जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें से 3 उम्मीदवारों को किसी न किसी मामले में दोषी ठहराया गया है। 4 उम्मीदवारों पर हत्या और 28 पर हत्या की कोशिश के मामले हैं। 29 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। एक उम्मीदवार के खिलाफ दुष्कर्म से जुड़ा मामला दर्ज है। वहीं, 10 कैंडीडेट्स पर हेट स्पीच से जुड़े मामले दर्ज हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि इलेक्शन के पांचवें चरण में 695 उम्मीदवारों में से 227 यानी 33 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। कैंडीडेट्स के पास औसत संपत्ति 3.56 करोड़ रुपए है। सबसे ज्यादा भाजपा के 36 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे अमीर प्रत्याशी यूपी की झांसी से भाजपा उम्मीदवार अनुराग शर्मा हैं।

## सऊदी अरब को परमाणु हथियार बनाने से रोकेगा अमेरिका

- बदले में देगा नाटो जैसी सुरक्षा गारंटी, ईरान के खिलाफ सऊदी को साधने की कोशिश

वाशिंगटन (एजेंसी)। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने रविवार को अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच सिक्योरिटी अकॉर्ड और सिविल न्यूक्लियर एग्रीमेंट पर चर्चा हुई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, समझौतों के तहत अमेरिका सऊदी अरब को सुरक्षा और परमाणु सहायता देगा। दरअसल, पिछले साल इजराइल और सऊदी अरब के बीच डिप्लोमैटिक रिश्ते शुरू करवाने के लिए अमेरिका बैकडोर बातचीत कर रहा था।






# समस्या के रुप में नहीं, बल्कि हर चुनौती को अवसर के रुप में देखें उद्यमी: डॉ. कुंदन

- कंप्यूटर विज्ञान विभाग का उद्यमिता जागरूकता शिविर हुआ संपन्न
- रिसर्च एवं डेवलपमेंट संस्थानों की बढ़ गई है भूमिकाः डॉ. सुनील
- विद्यार्थियों ने ज्ञानवर्धक व उत्साहित करने वाला कार्यक्रम बताया



बीएनएम। मोतिहारी

महात्मा गांधी केंद्रीय विवि की कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग की ओर से चल रहा तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर रविवार को संपन्न हो गया। चार सत्रों में आयोजित शिविर में जहां तीन में विषय विशेषज्ञों ने उद्यमिता की सार्थकता पर चर्चा की, जबकि अंतिम सत्र में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और तीन दिवसीय जागरूकता शिविर को ज्ञानवर्धक बताया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए जन्तु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कुंदन किशोर ने अपने संबोधन में सफल उद्यमी की सफलता की कहानी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कहा कि उद्यमिता की सफलता के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन का प्रभावी प्रारूप बनाना जरूरी है। तभी आप सफल हो पाएंगे और आपके सपने आकार ले पाएगी। उन्होंने सफल उद्यमी कैसे बनेंगे, इस पर भी अपनी महत्वपूर्ण राय दी। उन्होंने कहा कि एक उद्यमी हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखें ना कि समस्या के रूप में। चुनौती व परिवर्तन को स्वीकार करने वाला ही सफल उद्यमी होता है। दूसरे सत्र को कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रोद्योगिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार ने संबोधित किया। कहा कि आज के समय में उत्पाद व तकनीक चयन में रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्थानों की भूमिका काफी बढ़ गई हैं। छात्र-छात्राओं को उद्यमिता के लिए इन संस्थानों से भविष्य में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने उद्यमिता की सार्थकता पर भी चर्चा की। मध्यांतर के बाद तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए जन्तु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. दुर्गेश्वर सिंह ने उद्यमिता के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने वाले बैंक व वित्तीय संस्थानों पर विस्तृत चर्चा की। अंतिम सत्र में छात्र-छात्राओं ने आयोजित तीन दिवसीय शिविर पर अपनी राय दी। उन्होंने शिविर को ज्ञानवर्धक एवं उत्साहित करने वाला कार्यक्रम बताया। कार्यक्रम संयोजक सह प्रबंध विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवनेश कुमार ने शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए प्राध्यापकों को बधाई दी। मौके पर प्रबंध विज्ञान विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ. कमलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मोतिहारी में पीएम की चुनावी सभा को लेकर सुरक्षा के किये गये व्यापक प्रबंध

बीएनएम। मोतिहारी

पीएम नरेन्द्र मोदी के 21 मई को मोतिहारी आगमन को लेकर सभा स्थल गांधी मैदान को सील कर दिया गया है। साथ ही मैदान के मेन गेट पर अस्थायी थाना खोलकर अन्य पांच प्रवेश द्धार पर पुलिस सख्त पहरेदारी कर रही है। लगातार जिला प्रशासन व पार्टी के नेता विधि व्यवस्था व तैयारी को लेकर बैठक कर रहे है। पीएम की सभा को लेकर बाहर से आये करीब सौ से ज्यादा मजदूर टेंट लगाने के लिए दिन रात युद्धस्तर पर कार्य कर रहे है। सुरक्षा को लेकर इन मजदूरों को पास निर्गत किया गया है।साथ ही अस्थायी थाना में सभी का नाम, पता व मोबाइल नम्बर अंकित किया गया है,जिसकी मॉनिटरिग विशेष रूप से प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारी कर रहे है। प्रतिदिन गांधी मैदान में मार्निग वॉक पर जाने वालो को रोक दिया गया है।गांधी मैदान के सभी द्धार की निगरानी पुलिस जवानों के अलावा 112 की बाइकर्स टीम कर रही है।इसके साथ ही पीएम के मोतिहारी आगमन को लेकर सदर अस्पताल को भी हाई अलर्ट किया गया है। इमरजेंसी विभाग से लेकर ब्लड बैंक को अलर्ट मोड में रखा गया है। मेडिकल टीम बनाने और हेलीपैड से लेकर गांधी मैदान सभा स्थल पर चलंत अस्पताल, मोबाइल मेडिकल टीम सहित गांधी मैदान में डॉक्टरो की टीम को एम्बुलेंस एवं दवा के साथ रहने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा को लेकर भारत-नेपाल के रक्सौल बॉर्डर पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। नेपाल की ओर से भारतीय सीमा पर प्रवेश करने वाले लोगो की एसएसबी व पुलिस सघन चेकिंग कर रही है। इसके साथ नेपाल से जुड़ी सभी बॉर्डर व संवेदनशील स्थानों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि पीएम की सुरक्षा को लेकर प्रोटोकॉल का पूरा ध्यान रखते हुए सुरक्षा के प्रबंध किए जा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बाहर से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मंगाया गया है।

## कानू समाज ने महागठबंधन प्रत्याशी डॉ. राजेश कुमार को विजयी बनाने का लिया संकल्प

महागठबंधन के समर्थन को लेकर कानू समाज के लोगो ने किया महासम्मेलन का आयोजन



बीएनएम। मोतिहारी

शहर के छोटा बरियारपुर स्थित चीनी मिल के समीप ए एस मैरेज हॉल में रविवार को मोखतार प्रसाद के नेतृत्व में महागठबंधन के समर्थन को लेकर कानू समाज के लोगो ने एक महासम्मेलन का आयोजन किया। अयोजन की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक प्रेमनाथ गुप्ता एवं संचालन सुरेंद्र प्रसाद ने की। जहां पूर्वी चम्पारण लोक सभा क्षेत्र के कानू समाज के सैकड़ों जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर महागठबंधन के उम्मीदवार डॉ राजेश कुमार को अपना बहुमूल्य समर्थन देकर विजई बनाने का संकल्प लिया। वही कानू समाज दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने डॉ राजेश कुमार को फूलमाला पहना एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित कर स्मानित किया। मौके पर कानू समाज के दर्जनों वक्ताओ ने संबोधित करते हुए एक स्वर में डॉ राजेश कुमार को विजयी बनाने का संकल्प लिया। वही समाज के मांग पर डॉ राजेश कुमार ने छात्रावास बनवाने की धोषणा करते हुए समाज के लिए हर हद तक साथ रहने की बात कही। मौके पर कानु समाज के संयोजक मुखिया अशोक कुमार, सुरेंद्र प्रसाद,पूर्व जिला पार्षद पूनम देवी, दिलीप गुप्ता, मुखिया सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया स्वादिष्ट प्रसाद, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कृष्ण प्रसाद, अधिवक्ता चंदन गुप्ता, रामबाबू प्रसाद, सरपंच साधु लाल प्रसाद, राकेश कुमार गुप्ता, सरपंच विनोद शाह, श्याम बाबू गुप्ता उप चेयरमैन, विजय कुमार गुप्ता, रामदुलार शाह, सुरेश कुमार गुप्ता, बनारसी गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता चकिया, गोलू गुप्ता बरियारपुर, सरपंच उत्तम कुमार गुप्ता, राहुल कुमार, संदीप कुमार गुप्ता सहित शम्भू प्रसाद पंचायत समिति पहाड़पुर सहित हजारों कानू समाज के लोग मौजूद थे।

## रक्सौल के एक व्यवसायी के घर से 72 लाख रुपया बरामद

**बीएनएम। रक्सौल।** भारत नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल शहर के रक्सौल थाना क्षेत्र के नागा रोड स्थित एक गुड व्यवसाय के घर रक्सौल पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। जिसमें पुलिस को बहुत बड़ी कामयाबी हाथ लगी है, जिसमें पुलिस को 72 लाख रुपया बरामद भी किया गया। वहीं बरामद किए गए रुपए में भारतीय रुपया 34 लाख 34 हजार 500 व नेपाली रुपया 60 लाख शामिल है। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर दिखाई दे रही है, जिसमें पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण कांतेश मिश्रा को गुप्त सूचना मिली थी कि रक्सौल के एक व्यवसायी के घर मे भारी मात्रा में कैश रखा गया है। जिसके आधार पर सहायक पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, जिसमें रक्सौल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार और रक्सौल थाना प्रभारी राजीव नंदन सिन्हा भी शामिल थे। वही जिस घर पर छापेमारी की गई उनकी पहचान नागा रोड निवासी ध्रुव साह के रूप में की गई है। साथ मौके से एक पैसा गिनने वाली मशीन भी बरामद किया गया है।जबकि  पैसे की गिनती अंचलाधिकारी रक्सौल शेखर राज द्वारा ऑन कैमरा के मौजूदगी में कराई गई। साथी इनकम टैक्स के अधिकारी को भी इसकी सूचना दिया गया है। जबकि गुड़ व्यवसायी के द्वारा पैसा को लेकर कोई कागजात अभी तक नही दिखाया गया है।

## प्रदेश कांग्रेस सचिव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी का पहाड़पुर में हुआ भव्य स्वागत



बीएनएम। मोतिहारी

इंडिया गठनंधन के समर्थित वीआईपी पार्टी के उम्मीदवार डॉ राजेश कुशवाहा का प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव रजनीश सिंह उर्फ नन्हे सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत हुआ। श्री सिंह के आवास परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में उपस्थित ग्रामीणों ने लोक सभा प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया। जिसके बाद प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री सिंह ने डॉ राजेश कुमार को विजयश्री का माला पहनया। श्री सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत से ही आम जनता के अधिकारों कि रक्षा होगी। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत मिश्र, उपाध्यक्ष मदन मोहन उपाध्याय, राजद के किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, राजद अध्यक्ष आनंद मोहन बारी, कार्यकारी अध्यक्ष भगराशन प्रसाद कुशवाहा, जन्मेजय पटेल, अशोक तिवारी, बासुदेव राम, अहमद अली, कोदइ मिश्र, जयप्रकाश ठाकुर, विनोद पाण्डेय, मनीरका मिश्र, अवनिश कुमार सिंह, राजेश सिंह, कुमार अमितेश, कौशल किशोर सिंह उर्फ ननकु सिंह, रामतपस्या यादव, नन्दकिशोर यादव,कैलाश प्रसाद, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाता उपस्थित थे।

## कलयुगी पिता ने अपनी बेटी की हत्या कर शव को घर में दफनाया

### पुलिस ने बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बीएनएम। रामगढ़वा।** एक कलयुगी पिता द्वारा अपनी ही 13 वर्षीय बेटी की हत्या कर शव को घर में दफनाए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुरला गांव निवासी भगवान दास ने शनिवार की रात्रि अपनी पत्नी से झगड़ा किया। तत्पश्चात अपनी 13 वर्षीय बेटी रानी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को अपने घर में ही दफना दिया। इस मामले की जानकारी जैसे ही रामगढ़वा थाना पुलिस को मिली पुलिस ने स्थानीय  अंचलाधिकारी राजा कुमार के समक्ष भगवान दास के घर पहुंच कर पूछताछ किया। लेकिन परिजनों ने पहले कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। बाद में भगवान दास की पत्नी ने उक्त घटना के बारे में बताते हुए कहा कि मेरे पति ने कल रात्रि में झगड़ा किया। और उन्होंने हीं मेरी बेटी की हत्या कर दी है। उसके बाद पत्नी की निशानदेही के बाद पुलिस ने कब्र से शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। और इस मामले में पत्नी के द्वारा पति के विरुद्ध लगाए गए आरोप के आधार पर भगवान दास के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा पिता भगवान दास फरार बताया जा रहा है। उक्त घटना की पुष्टि रामगढ़वा थानाध्यक्ष एस एन पाण्डेय ने की।




# महागठबंधन को सहयोग करें सम्मान सहित विकास का हर संभव प्रयास करूंगा: तेजस्वी

## केंद्र में इंडिया की सरकार बनते ही एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा

• तेजस्वी ने भाजपा पर जमकर बरसे तो नीतीश पर नरम दिखे

बीएनएम। बेतिया

केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। सरकार बनते ही राहुल गांधी द्वारा एक करोड़ बेरोजगार युवाओं को नौकरी दी जाएगी और हर रक्षाबंधन के दिन बहनों को एक लाख रुपया उनके खाते में भेजा जाएगा। साथ ही प्रति परिवार 2 सौ यूनिट फ्री बिजली और गैस सिलिंडर 5 सौ रुपया कर दिया जाएगा। उक्त बातें रविवार को लौरिया के साहुजैन स्टेडियम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कही। उन्होंने लोकसभा के राजद प्रत्याशी दीपक यादव को भारी बहुमत से चुनाव जीताने की अपील भीड़ से की। तेजस्वी यादव सीएम नीतीश कुमार पर बिना टीका टिप्पणी किए नरमी बरतते हुए कहा कि चाचा नीतीश कुमार को बीजेपी वाले हाईजैक कर लिये है। मुझे पता है कि चाचा का शरीर वहां है और दिल उनका यहां है।श्री यादव ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि पीएम, सीएम, मंत्री और कई वरीय नेता एक तेजस्वी के हेलीकॉप्टर को रोकने के साथ एक दिन 20 हेलीकाप्टर का सहारा लेकर घेरने का काम कर रहे हैं। सभी नेता तेजस्वी से काफी चुनावी अखाड़ा में डरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं कलम की भाषा की बात करता हूं, लेकिन भाजपा हिंदू, मुस्लिम, जाति पाति और तलवार की बात कर रही है। उन्होंने लोगों से कहा कि भाजपा वाले देश को टुकड़े में बांटना चाहते हैं, लेकिन हम देश को जोड़ने का काम करते हैं।श्री यादव ने भीड़ को देखकर कहा कि जो सरकार 17 साल में नहीं कर सकी , मैं17माह उप मुख्यमंत्री के पद पर रहकर 5 लाख लोगों को नौकरियां दी। स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क ,पर्यटन आदि का भी विकास किया। उन्होंने




भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि लौरियावासी भाजपा का विधायक बनाए। जिला में दो सांसद और कई विधायकों को जिताए , लेकिन क्या भाजपा ने अभी तक लौरिया में कोई कार्य किया है, कोई फैक्ट्री लगाई है, किसी को रोजगार दिया हो तो हमें बतावें।

इधर भीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया है। दिल्ली की सरकार संविधान को नहीं मानती है। अतः एनडीए की सरकार को बदलने की जरूरत है। यह पार्टी केवल जाति और मजहब के नाम पर देश की जनता को गुमराह कर अपनी सरकार चलाना चाहती है। वहीं अन्य नेताओं में बालमिकीनगर प्रत्याशी दीपक यादव, बेतिया से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी, नरकटिया विधायक शमीम, पूर्व विधायक विनय कुमार वर्मा, पूर्व प्रत्याशी शंभू तिवारी, जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना त्यागी, अनीता भारती, पूर्व मंत्री रामप्रसाद यादव,अमर यादव, इंद्रजीत यादव, प्रखंड अध्यक्ष विजय यादव, जिला पार्षद मैनेजर यादव मुकेश यादव, प्रभू यादव राजु यादव मुलायम यादव नीतेश कुमार, मनोहर ठाकुर सुनील सेठी सहित कई नेताओं ने भी अपना भाषण दिया।

# बेतिया में अमित शाह बोले-चार चरण में एनडीए 270 पार

## लालू से सवाल-किसका आरक्षण काटकर मुसलमानों को देंगे

बीएनएम। बेतिया

**बेतिया**। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को बेतिया के रमना मैदान में सभा को संबोधित किया। अपने 25 मिनट के संबोधन के दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि चार चरण के चुनाव खत्म हो चुके है, कल पांचवें चरण का चुनाव है। चारों चरण के मतदान में एनडीए 270 का आंकड़ा पार कर चुका है। वहीं, इंडी गठबंधन को 40 सीटें भी नहीं मिल रही हैं।अमित शाह ने कहा कि लालू यादव कहते हैं कि मुसलमानों को शत प्रतिशत आरक्षण देना चाहिए। लालू जी, किसका आरक्षण काट कर दोगे? दलितों का, आदिवासियों का या पिछड़ा समाज का आरक्षण काट कर दोगे, स्पष्ट करो।केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान बेतिया लोकसभा के मतदाताओं से बीजेपी के प्रत्याशी संजय जायसवाल को चौथी बार जिताने की अपील की। सभा के दौरान दो युवकों के आपस में मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस ने दोनों को समझा बुझाकर मामला तुरंत शांत करवा दिया। बता दें कि पश्चिम चंपारण में 25 मई को छठे चरण के लिए वोटिंग होगी।





# आदर्श सामूहिक विवाहोत्सव को लेकर कार्यालय का शुभारंभ



बीएनएम। केसरिया

आदर्श सामूहिक विवाहोत्सव के सफल आयोजन को लेकर रविवार को केसरिया हीरो एजेंसी के समीप कार्यालय का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन आयोजन समिति के अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी सहित अन्य आगत अतिथियों ने फीता काटकर किया। इस दौरान अध्यक्ष ने कहा कि सामूहिक विवाह का आयोजन सफल व ऐतिहासिक होगा। इसको लेकर तैयारी की जा रही है। इस कड़ी में आज इस कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। वहीं आयोजन समिति के सचिव रामकुमार गिरी ने कहा कि 16 जून को केसरिया की ऐतिहासिक धरती पर सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन होगा। इस आयोजन के लिए समाज के हर तबके का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मौके पर रवींद्र सिंह बेरुआर, डॉ राकेश कुमार, लव कुमार यादव, नेजाम खान, इम्तेयाज अहमद, मुन्ना सागर, हरिशंकर पासवान, गाया प्रसाद, विशुराज सिंह, रवि जायसवाल, रामअधार राय, आनन्द जायसवाल, दिलीप कुशवाहा, शौकत अली, डॉ दिवाकर गिरी, प्रमोद गिरी सहित अन्य मौजूद रहे।

## वीटीआर जंगल के बीच बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर मालवाहक मिनी ट्रक पलटा



**बीएनएम**। **बेतिया**। बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर मालवाहक मिनी ट्रक पलट गया। जिसमें लदा सारा सामान बिखर गया। गनीमत रही कि गाड़ी का ड्राइवर और क्लीनर सुरक्षित बताया जा रहा है। बतादें यह घटना सिरिसिया के निकट पूल के समीप घटित हुई है। बतातें चलें कि वाल्मीकिनगर के व्यापारी उत्तरप्रदेश से किराना और दूसरे जरूरत के समान ट्रक के द्वारा वाल्मीकिनगर ला कर करोबार करते हैं।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सामने से आ रही दूसरी गाड़ी को साइड देते समय मिनी ट्रक अनियंत्रित हो गई जिससे यह हादसा हो गया।घटना शनिवार की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है।

## कल सेम्भुआपुर में आयेंगें तेजस्वी व मुकेश

**बीएनएम**। **केसरिया**। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मंगलवार को सेम्भुआपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इनके साथ वीआईपी पार्टी के संरक्षक सह पूर्व मंत्री मुकेश सहनी भी मंच साझा करेंगे। जानकारी देते हुए राजद राज्य परिषद सदस्य अवधेश राय ने बताया कि नेताद्वय द्वारा पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित वीआईपी पार्टी के प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार के पक्ष में सेम्भुआपुर में चुनावी सभा किया जाएगा। इसमें क्षेत्र की हाजरों की संख्या में लोगों की भागीदारी होगी। सभा को सफल बनाने को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# आजादी से लेकर आज तक नहीं बन सकी सड़क, ग्रामीणों में रोष

• "रोड़ नहीं तो वोट नहीं" के नारों के साथ मतदान बहिष्कार का निर्णय

बीएनएम। अरेराज

अनुमंडल अंतर्गत पहाड़पुर प्रखंड के बनकटवा गांव के बूथ संख्या 118 व 119 के मतदाताओं ने पूर्व मुखिया गुड्डू पांडेय के नेतृत्व में सामूहिक रूप से बैठक कर "रोड नहीं तो वोट नहीं" के नारों के साथ लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक रोड नहीं बनेगा तब तक किसी भी प्रत्याशी को हम अपना मत नहीं देंगे। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग कई वर्षों से कितने प्रत्याशियों ने वादा किया लेकिन आज तक सड़क निर्माण नहीं हो सका है। इसलिए ग्रामीणों ने इस लोकसभा चुनाव में सड़क के लिए वोट के बहिष्कार का निर्णय लिया है। बताते चलें की देश जहां आजादी का अमृत उत्सव मना रहा है। वही सेवराहां से खोड़ीपाकड़ होते हुए बनकटवा को जोड़ने वाली यह सड़क आज भी अपने बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यह सड़क अरेराज मोतिहारी मुख्य मार्ग में सेवराहां से खोड़ीपाकड़ होते हुए भाया बनकटवा होते हुए बेतिया अरेराज



मुख्य मार्ग में रायटोला के पास जोड़ती है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक यह सड़क जर्जर अवस्था में है। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों के तबियत खराब होने व महिलाओं के प्रसव के दौरान होती है। जब कोई भी गाड़ी वाला अस्पताल ले जाने के लिए तैयार ही नहीं होता है। लाइट वाहन या ईरिक्शा चालकों का कहना है कि इस सड़क से गुजरने वाली गाड़ी कब कहां पलट जाए यह भगवान भरोसे है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क लगभग एक दर्जन पंचायत और 50 से अधिक गांवों को जोड़ता है, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि की नजर इस सड़क पर नहीं पड़ती है। सभी आते हैं और झूठा वादा करके निकल जाते हैं। इस बार जनता ने उन्हें मुहतोड़ जवाब देने का मन बना लिया है। ग्रामीण कहते हैं कि इस बार जनप्रतिनिधि पर विश्वास नहीं है। प्रशासन के द्वारा आगे की कार्यवाही के बाद ही कोई निर्णय पर विचार किया जाएगा। विरोध करने वालों में पप्पू दुबे, आशुतोष पांडेय, संजीव पांडेय, उमाशंकर पांडेय सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## संपादकीय

# दूरगामी समझौता

चाबहार पोर्ट समझौता भारत और ईरान के बीच हुआ है। इस समझौते के माध्यम से, भारत और ईरान के बीच क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा और अफ़ग़ानिस्तान, मध्य एशिया, और यूरेशिया के लिए नए रास्ते खुलेंगे।

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह की देखभाल, विकास और संचालन को लेकर सोमवार को हुआ समझौता न सिर्फ दोनों देशों के आपसी संबंधों के लिहाज से अहम है बल्कि आने वाले वर्षों में इस पूरे क्षेत्र की भू-राजनीति को भी निर्णायक ढंग से प्रभावित कर सकता है। इस समझौते के प्रयास काफी पहले से चल रहे थे। चाबहार को लेकर दोनों देशों में पहला समझौता 2016 में हुआ। 2018 में तत्कालीन ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी की भारत यात्रा के दौरान इस पोर्ट पर भारत की भूमिका बढ़ाने का मसला प्रमुखता से उठा। बाद में कोविड-19 महामारी और ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते यह प्रक्रिया कुछ धीमी पड़ी, लेकिन आखिरकार समझौता हो गया।

समझौते का एक अहम पहलू यह है कि इससे पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह ही नहीं, चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशटिव को भी बैलेंस करने में मदद मिल सकती है। भारत चाबहार पोर्ट की बदौलत पाकिस्तान को बाइपास करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच बना सकता है।

पाकिस्तान मध्य एशियाई देशों को इस बात के लिए लुभाने की कोशिश करता रहा है कि वे हिंद महासागर क्षेत्र तक पहुंच बनाने के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल करें। दूसरी तरफ भारत इस तथ्य को समझ रहा था कि चाबहार बंदरगाह उन देशों के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। अब इस संभावना को ठोस रूप देना आसान होगा।

समझौते की टाइमिंग भी इसे संवेदनशील बना रही थी। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान और इस्राइल के बीच बढ़े तनाव के मद्देनजर अमेरिका ने ईरान पर नए सिरे से आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत के लिए सभी संबंधित पक्षों को विश्वास में लेते हुए ईरान के साथ एक दीर्घकालिक समझौते को अंतिम रूप देना चुनौतीपूर्ण था।

समझौते की घोषणा के बाद अमेरिका ने हालांकि यह कहते हुए परोक्ष चेतावनी दी कि जो कोई भी ईरान के साथ किसी तरह के समझौते में जाता है, उसे इसमें निहित संभावित प्रतिबंधों के खतरे से वाकिफ होना चाहिए। लेकिन इस बयान का स्वरूप भी बता देता है कि यह औपचारिकता ज्यादा है और चेतावनी कम। इस मामले में विदेश मंत्री जयशंकर का यह कहना ज्यादा अहम है कि अमेरिका को इससे कोई दिक्कत नहीं है।

जयशंकर के बयान का अगला हिस्सा विशेष तौर पर महत्वपूर्ण है जिसमें उन्होंने कहा कि 'वैसे भी मेरे और ईरान के बीच में अगर कुछ होता है तो वह मेरे और ईरान के बीच की बात है।' जाहिर है, भारत अपने राष्ट्रीय हितों पर केंद्रित स्वतंत्र नीति की अपनी राह से विचलित नहीं होने वाला।

# जल हेतु एक अच्छी पहल- अमृत सरोवर योजना

ग्रामीण क्षेत्रों में जल की समस्या के दृष्टिगत केंद्र सरकार ने अमृत सरोवर योजना प्रारम्भ की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 जल निकायों का विकास एवं कायाकल्प करना है। देशव्यापी इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक राज्य के प्रयेक जिले में 75 से अधिक तालाबों का निर्माण करवाना है।अमृत सरोवर योजना से राज्यों को अनेक प्रकार के लाभ प्राप्त हो सकेंगे। तालाबों का निर्माण होने तथा पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार होने से क्षेत्रीय लोगों की जल की समस्या का समाधान हो सकेगा। इससे गर्मी के समय भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायता प्राप्त हो सकेगी। इन तालाबों के जल का उपयोग कृषि कार्यों के लिए किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त पशु पालन में भी इस जल का उपयोग हो पाएगा। आवारा पशुओं एवं पक्षियों को भी पीने के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। इसके अतिरिक्त तालाबों का निर्माण होने से उस स्थान पर सुंदरीकरण होगा। तालाबों के तट पर पीपल, बरगद, नीम, अशोका, सहजन, महुआ, जामुन एवं कटहल आदि के पौधे लगाए जाएंगे। इससे जहां पर्यावरण स्वच्छ होगा तथा हरियाली में वृद्धि होगी, वहीं इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्र में अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। इन तालाबों का उपयोग मछली पालन, मखाने एवं सिघाड़े की खेती में भी किया जा सकेगा।इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 50 हजार से अधिक तालाबों का निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक तालाब एक एकड़ क्षेत्र में होगा, जिसमें 10 हजार घन मीटर पानी की धारण करने की क्षमता होगी। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि इसमें वर्ष भर जल भरा रहे। इस अमृत सरोवर योजना के माध्यम से ग्रामीण वासियों को मनरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध करवाया जा सकेगा। इससे बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध होगा।विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत विगत 11 माह में लगभग 40 हजार तालाबों को विकसित करने की उपलब्धि की सराहना की है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि 'बहुत-बहुत बधाई ! जिस तेजी से देशभर में अमृत सरोवरों का निर्माण हो रहा है, वो अमृतकाल के हमारे संकल्पों में नई ऊर्जा भरने वाली है।'. केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक ट्वीट करके जानकारी दी कि देश में अभी तक 40 हजार से अधिक अमृत सरोवर राष्ट्र को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त 2023 तक 50 हजार अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्वभर में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के पर्यावरणविद जेराल्ड नेल्सन ने 22 अप्रैल 1970 को इसका शुभारम्भ किया था। वह विस्कॉन्सिन के एक अमेरिकी राजनेता थे. उन्होंने संयुक्त राज्य के सीनेटर और गवर्नर के रूप में कार्य किया। वह पृथ्वी दिवस के संस्थापक थे। उन्होंने पर्यावरण सक्रियता के एक नये अभियान का प्रारम्भ किया था। वर्ष 1969 में सैन फ्रांसिस्को में यूनेस्को सम्मेलन के दौरान 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इसके पश्चात से यह दिवस मनाया जा रहा है। अब इसे विश्व के 192 से अधिक देशों में मनाया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें पृथ्वी के समक्ष उत्पन्न समस्याओं को उठाया जाता है तथा इनके समाधान के बारे में चर्चा होती है। आज जब पर्यावरण के समक्ष अनेक प्रकार के संकट उत्पन्न हो गए हैं, ऐसी स्थिति में इसका महत्त्व और अधिक बढ़ जाता है।उल्लेख करने योग्य बात यह भी है कि देशभर में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सरकारी स्तर के कार्यक्रम भी हैं तथा पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यक्रम भी सम्मिलित हैं। निःसंदेश केंद्र सरकार की अमृत सरोवर योजना जल संरक्षण के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेगी। इससे जल संरक्षण के अभियान को प्रोत्साहन भी मिलेगा। अपनी पृथ्वी को बचाने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा।

**- संजय गोस्वामी**

# चाबहार बंदरगाह : अहम है ईरान से समझौता

अमेरिका द्वारा भारत-ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह परियोजना के संबंध में हुई डील को नया बताकर अपनी नराजगी व्यक्त की गई। इसके साथ ही भारत-ईरान के बीच 10 साल के इस अनुबंध पर अमेरिका प्रतिबंध लगा सकता है क्योंकि वह इसे नए दृष्टिकोण से देख रहा है अमेरिका को इस बात का गंभीरता से भी विचार करना होगा कि दबाव, दमन, दहशत व दादागिरी की नीति हमेशा नहीं चलती है। प्रत्येक देश अपने भू आर्थिक, भू-राजनीतिक तथा भू-सामरिक हितों को ध्यान में रखकर कार्य करता है जैसा कि भारत ने ईरान के साथ इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। भारत चाबहार बंदरगाह को पाकिस्तान में चीन द्वारा निर्मित बंदरगाह के काउंटर के रूप में देखता है।



भारत और ईरान के चाबहार बंदरगाह के संगठन और उनके अनुबंध के लिए और मेगा कनेक्टिविटी योजनाओं के माध्यम से परियोजनाओं के अगले चरण के विकसित करने के लिए यह समझौता हुआ है। भारत इसे अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के साथ एकीकृत करने की योजना बना रहा है, ताकि ईरान के माध्यम से भारत से रूस तक एक निर्बाध व्यापारिक मार्ग तैयार किया जा सके। भारत एक संयुक्त देश है और यह अनुबंध भारत और ईरान दोनों देशों के लिए बेहद एक सामयिक, सामरिक एवं संवेदनशील विशेष समझौता है कि मध्य एशिया और उससे आगे तक पहुंच आसान हो जाएगी। यह चीन द्वारा पाकिस्तान के ग्वादर में बनाई जा रही अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का एक करारा जवाब भी है।

ओमान की खाड़ी पर दक्षिणी पूर्वी ईरान में स्थित चाबहार एक महत्त्वपूर्ण बंदरगाह है। यह ईरान के एकमात्र समुद्री बंदरगाह के रूप में कार्य करता है और इसमें 'शाहिद कलंतरी' 'शाहिद बेहिश्ती' नामक दो अलग-अलग बंदरगाह शामिल हैं। यह बंदरगाह भारत को अरब सागर में चीन की उपस्थिति को नजरअंदाज करने में सक्रिय सहयोग देता है। अपनी भौगोलिक अवस्थिति, आर्थिक व व्यापारिक तथा सामरिक कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत के लिए एक विशेष महत्त्व का क्षेत्र है। यही कारण है कि इस बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) के रूप में भी जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि यह भारत, ईरान, अफगानिस्तान, अजरबैजान, अर्मेनिया, रूस के साथ ही मध्य एशिया तथा यूरोप के बीच व्यापार हेतु 7200 किलोमीटर की बहुउद्देश्यीय परिवहन परियोजना भी है। भारत अल्पकालिक समझौते पर इस बंदरगाह का संचालन कर रहा था, जिसे समय-समय पर नवीनीकृत करना पड़ता था। जब चाबहार में निवेश की बात आई तो अल्पकालिक समझौते और ईरान के भू-राजनीतिक तनाव ने शिपर्स और निवेशकों को इससे दूर रखा था। इसके कारण एक बार तो ईरान इस समझौते में प्रगति न होने के कारण अपने कदम चीन की ओर बढ़ाने की मंशा बना ली थी। वास्तव में इस योजना को क्रियान्वित करने की चीन की क्षमता एवं संपन्नता भी थी।

भारत के इस समझौते के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध की चेतावनी को 'प्रतिबंधों का संभावित जोखिम' की बात कहकर अपने रुख में परिवर्तन का संकेत दिया है। आखिरकार भारत ने अपने रणनीतिक एवं आर्थिक महत्त्व चाबहार बंदरगाह को दस वर्ष के लिए विकसित और संचालित करने के लिए ईरान के साथ 13 मई को इस समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। वास्तव में यह एक नए भारत की साहसिक पहल है जो किसी भी प्रतिबंध की अब परवाह नहीं करता, विशेष रूप से भू-आर्थिक, भू-सामरिक एवं भू-राजनीतिक पहल के मामलों में। आखिर द्वंद्व कहां तक टाला जाए, भारत समझ गया है कि समय पर सामरिक व आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर जरूरी हो गए, जिसे जरूरत पड़ने पर जवाब देना भी जेहन में रखना होगा। यह बात अमेरिका को समझनी होगी कि यह समझौता कोई 'नया' नहीं है, यह तो केवल विगत रूप में संचालित हो रहे कार्यक्रम की निरंतरता है। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह में चीन की मौजूदगी को देखते हुए भारत की चाबहार की ओर पहल एक महत्त्वपूर्ण सामयिक एवं सामरिक आवश्यकता बन गई थी।

स्मरणीय है कि अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2018 में भारत, चीन तथा तुर्की को ईरान प्रतिबंधों से छूट दी थी, जबकि वाशिंगटन ओमान की खाड़ी के बंदरगाह पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा था1 चूंकि यह युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में उसकी उपस्थिति के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण था। वास्तव में अगर अमेरिका इसे एक नए समझौते के रूप में देखता है तो यह उसकी भारी-भूल होगी, क्योंकि मई 2016 में मूल रूप से हस्ताक्षर करने के बाद से इस पर बहुत काम हुआ है। भारत चाबहार बंदरगाह में बेहिश्ती टर्मिनल को विकसित करने के लिए भारी-भरकम निवेश कर चुका है। यह बात भी विशेष ध्यान देने योग्य है कि भारत पहले ही अमेरिका के दबाव के कारण फारस की खाड़ी में फरजाद-बी गैस क्षेत्र खो चुका है, जो वास्तव में भारत के लिए एक विशेष आकषर्क तथा आर्थिक व रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण परियोजना थी। अतः भारत ईरान के चाबहार बंदरगाह के शाहिद बेहिश्ती टर्मिनल का प्रबंधन अब अपने हाथ में लेने की अवहेलना कदापि नहीं कर सकता है। यदि भारत किसी कारणवश अमेरिकी प्रतिबंध के दबाव में आ जाता तो खाड़ी क्षेत्र में अपना आर्थिक आधार एवं रणनीतिक प्रभाव खो देता।

यह भी जानना जरूरी है कि अमेरिका द्वारा पहले दी गई प्रतिबंधों की छूट के बाद भारत और ईरान स्वतंत्रता और प्रति-प्रसार अधिनियम 2012 के तहत वाशिंगटन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को मात देने की अनुमति प्रदान की थी। भारत के अलावा चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान, तुर्की, ग्रीस तथा इटली आदि को अस्थायी छूट प्रदान की गई थी। इसके साथ ही इन सभी देशों को फारस की खाड़ी देश के साथ व्यापार करने की अनुमति दी गई थी। इस समझौते में भारत ने अपना दृढ़ विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाया जो कि सामयिक व सामरिक रूप से बेहद अनिवार्य था। भौतिकता एवं आर्थिक होड़ की दौड़ में कोई भी देश, किसी भी देश का स्थायी मित्र या शत्रु नहीं रह सकता। प्रत्येक राष्ट्र की सभी नीतियों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति होती है।

-डॉ. सुरेन्द्र कु. मिश्र

# कैप्टन फैंटास्टिक सुनील छेत्री लेंगे संन्यास

भारत के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलकर सबसे ज्यादा गोल जमाने वाले सुनील छेत्री ने अपने संन्यास की तारीख तय कर दी है।

वह कोलकाता में छह जून को कुवैत के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वाफियर मैच से अपने कॅरियर को विराम देंगे। उन्होंने इस घोषणा के लिए नौ मिनट 51 सेकेंड का एक वीडिया सोशल मीडिया पर जारी किया है। इस वीडियो में सुखविंदर सिंह के कोच रहते शुरू हुए कॅरियर का कोच इगोर स्टिमेक के साथ खत्म होने तक का सफर दर्शाया गया है। सुनील ने 2005 में पाकिस्तान के खिलाफ खेलकर अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर की शुरुआत की थी।

सुनील ने अभी कुछ समय पहले ही अपने 19 साल लंबे कॅरियर का 150वं मैच खेला था। वह कॅरियर में 94 गोल जमाने में सफल रहे और यह किसी भी भारतीय फुटबालर द्वारा जमाए गोलों में सर्वाधिक है। वह दुनिया में गोल जमाने के मामले में चौथे नंबर पर हैं।

सुनील से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल क्रिस्टियानो रोनाल्डो (128), अली डेई (108) और लियोनेल मेसी (106) ने जमाए हैं। पर किसी भारतीय खिलाड़ी का इन दिग्गजों की लीग में शामिल होना ही बहुत मायने रखता है। सुनील का 150वां मैच यादगार नहीं बन सका। इस मुकाबले में उन्होंने अपने कॅरियर का 94वां गोल भी जमाया पर आखिरी समय में जमाए गोलों से अफगानिस्तान टीम जीत गई।

सुनील को अपना 150वां मैच भारत को नहीं जिता पाने का मलाल रहेगा। सुनील के संन्यास लेने पर उनकी गोल जमाने की क्षमता ही नहीं बल्कि उनकी संघर्ष क्षमता और नेतृत्व क्षमता भारतीय टीम को खलेगी। सुनील देश के इकलौते फुटबालर हैं, जिसे देश का सर्वोच्च खेल पुरस्कार खेल रत्न मिल चुका है। उन्हें यह अवार्ड नीरज चोपड़ा और मिताली राज के साथ मिला था। सुनील अपने क्लब कॅरियर को बेंगलुरू फुटबाल क्लब के साथ खत्म करेंगे। उनके इस सफर की नई दिल्ली में समाप्ति होने की उम्मीद है।

वह कहते हैं कि राजधानी दिल्ली के अंबेडकर स्टेडियम के साथ मेरी उम्दा यादें जुड़ी हुई हैं। इस स्टेडियम पर मैंने 2008 में नेहरू कप जीता और इसी



साल एएफसी चैलेंज कप का फाइनल खेला। इस फाइनल में सुनील ने हैट्रिक जमाई थी। सुनील छेत्री के लगभग दो दशक लंबे कॅरियर में फुटबाल को दिए योगदान को फीफा ने 27 सितम्बर 2022 को उनके ऊपर डाक्यूमेंट्री बनाकर सराहा है। इस डाक्यूमेंट्री का नाम है,..कैप्टन फेंटास्टिक. . इसमें उनके शुरुआती दिनों , प्यार की कहानी और कॅरियर को दर्शाया गया है। अमेरिकी क्लब कंसास सिटी विजार्ड ने 2010-11 मेजर लीग सीजन के लिए सुनील छेत्री से करार किया।

इस लीग में खेलने वाले वह पहले भारतीय फुटबॉलर हैं। प्रोफेशनल लीग में तो इससे पहले बाईचुंग भूटिया खेल चुके थे। सुनील को मेजर लीग में सिर्फ एक मैच खेलने का ही मौका मिल सका। विजार्ड के मुख्य कोच पीटर वेरमी ने सुनील के बारे में कहा था कि मुझे उसका क्राफ्टी होना बेहद पसंद है। वह तकनीकी रूप से बहुत मजबूत है और उसके हमले बोलने का अंदाज अच्छा लगता है।

पर वह दुर्भाग्यवश इंग्लिश लीग चैंपियनशिप खेलते-खेलते रह गए थे। यह बात है 2009 की, जब उन्होंने क्वींस पार्क रेंजर्स से तीन साल का करार किया। पर ब्रिटेन सरकार से वर्क परमिट नहीं मिल पाने की वजह से वह नहीं खेल सके थे। इसकी वजह भारत का उस समय फीफा रैंकिंग में टॉप 70 टीमों में शामिल नहीं होना था। सही मायनों में देश की फुटबॉल की खस्ता हालत की उन्हें कीमत चुकानी पड़ी थी।

भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में शुमार किए जाने वाले सुनील छेत्री का जन्म तीन अगस्त 1984 को सकिंदराबाद में हुआ था और ज्यादतर बचपन दार्जिलिंग में बीता है। पिता केबी छेत्री सेना की इलेक्ट्रिकल और मैकेनल कोर में अधिकारी थे और सेना की फुटबॉल टीम में खेला करते थे।

वहीं माता सुशीला भी अपनी जुड़वां बहन के साथ नेपाल की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम में खेलीं थीं। इस कारण फुटबॉल सुनील के खून में ही समाई है। यही वजह है कि वह बहुत ही छोटी उम्र में फुटबाल खेलने लगे और दार्जिलिंग के बेथनी स्कूल में पढ़ने के दौरान ही टूर्नामेंटों में खेलने लगे थे। पर सुनील के कॅरियर को सही दिशा 2002 में मोहन बागान क्लब से जुड़ने पर ही मिली।

पिता के सेना में होने की वजह से जगह-जगह पोस्टिंग होने से फुटबाल में कई क्लबों से खेलने की वजह से वह पांच भाषाओं को बोलने की महारत रखते हैं। वह इंग्लिश, हिंदी, बंगाली, नेपाल और कन्नड़ बोल लेते हैं। इसके अलावा तेलुगी, मराठी और कोंकणी को समझ लेते हैं।

भारत में सुनील छेत्री जैसे स्ट्राइकर दशकों में निकलते हैं। हमारे यह फुटबॉल को लोकप्रिय बनाने के लिए आईएसएल लीग का आयोजन होता है। पर इस लीग में आमतौर पर टीमें विदेशी स्ट्राइकरों को रखना पसंद करती। इस तरह की स्थितियों में छेत्री की जगह लेने वाला स्ट्राइकर निकलेगा कैसे।

**-मनोज चतुर्वेदी**

## आज का पंचांग

20 मई 2024 को वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि है। इस तिथि पर चित्रा नक्षत्र और सिद्ध योग का संयोग रहेगा। दिन के शुभ मुहूर्त की बात करें तो सोमवार को अभिजीत मुहूर्त 11:53-12:41 तक है। राहुकाल सुबह 07:11-08:53 मिनट तक रहेगा।

## आज का राशिफल



**मेष :** आज आर्थिक मामलों में योजना बद्ध रूप से कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी. पूर्व से रुकी हुई कोई आर्थिक योजना पूर्ण होने की संभावना रहेगी. भाई बहनों की ओर से सामान्य सुख सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार में आय बढ़ेगी. पैतृक धन संपत्ति के मामले को वरिष्ठ परिजनों के सहयोग एवं सानिध्य निपटा लेंगे.

**वृषभ :** आज उधार दिया गया धन वापस मिलेगा. प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी. ससुराल पक्ष से किसी मांगलिक कार्यक्रम का शुभ समाचार मिलेगा. बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा. किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के सहयोग से धन लाभ होगा. पैतृक धन संपत्ति मिलने के योग बनेंगे. शेयर ,लॉटरी ,दलाली ,सट्टा आदि से धन लाभ होगा.

**मिथुन :** आज आर्थिक क्षेत्र में बड़े उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे. निर्माण संबंधित कार्य से धन लाभ होगा. राजनीति में बड़ा पूंजी निवेश करने का निर्णय सोच समझकर करें. विदेश से धन एवं आभूषण प्राप्त होंगे. जमा पूंजी धन खर्च करने से बचें.

**कर्क :** आज व्यापार में किए गए कुछ परिवर्तन लाभकारी सिद्ध होंगे. लॉटरी, दलाली आदि से यकायक लाभ प्राप्त होगा. किसी विपरीत लिंग साथी से मनपसंद उपाय प्राप्त होंगे. संतान का जॉब अथवा नौकरी लगने से धन लाभ होने के योग हैं. सामाजिक कार्य पर अपने सामर्थ्य के अनुसार खर्च करें.

**सिंह :** आज आर्थिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी. अचानक धन लाभ तथा धन खर्च होने की संभावना बन रही है. वाहन,मकान ,संपत्ति खरीदने की योजना बनेगी. आर्थिक मामलों में सोच समझकर निर्णय ले. जल्दी बाजी में पूंजी निवेश न करें.

**कन्या :** आज विदेश सेवा से जुड़े लोगों को विशेष लाभ प्राप्त होगा. किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. व्यापार में नए सहयोगी लाभकारी सिद्ध होंगे. नौकरी में अधीनस्थ लाभकारी सिद्ध होगा. उद्योग धंधे की योजना सफल होगी. शेयर, लॉटरी, दलाली आदि से धन लाभ होगा.

**तुला :** आज ससुराल पक्ष से धन एवं उपहार मिल सकते हैं. किसी कीमती वस्तु के चोरी होने अथवा गुम होने के योग हैं. अतः सजग एवं सावधान रहें. आर्थिक क्षेत्र में उतार-चढ़ाव जैसी स्थिति रहेगी. धन संचय करने में परेशानी होगी. कर्ज लेने में अधिक सावधानी बरतें. नवीन संपत्ति खरीदने के लिए समय स्थिति अधिक अनुकूल नहीं रहेगी.

**वृश्चिक :** आज संपत्ति संबंधी विवादों को यथाशीघ्र निपटने का प्रयास करें. आर्थिक मामलों में सोच समझकर पूंजी निवेश करें. इष्ट मित्रों की ओर से संपत्ति के क्रय विक्रय संबंधी कार्य में लाभ प्राप्त होगा. आर्थिक क्षेत्र में सुधार होगा. आर्थिक क्षेत्र में जागरूकता बरतें.

**धनु :** आज धन की आय के साथ खर्च भी अधिक होने की संभावना है. इस संबंध में विशेष सावधानी बरते. संपत्ति के क्रय विक्रय संबंधी कार्य में भाग दौड़ करनी पड़ सकती है. शीघ्र कोई बड़ा निर्णय न लें. माता से आर्थिक मदद मिलेगी. किसी पुराने ऋण को चुकाने में सफल होंगे. वाहन खरीदने की योजना सफल होगी.

**मकर :** आज नवीन संपत्ति खरीदने की योग बनेंगे. संपत्ति के क्रय विक्रय संबंधी कार्य में सावधानी बरतें. इस संबंध में जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय न लें. आर्थिक मामलों में धीरे-धीरे प्रगति होने की संभावना अधिक रहेगी. भौतिक सुख संसाधनों की वस्तुओं पर खर्च होने के योग बनने की संभावना है. नौकरी में पदोन्नति के साथ वेतन वृद्धि होने से आर्थिक पक्ष सुधरेगा.

**कुंभ :** धन के लेनदेन में सावधानी बरतने की संभावना रहेगी. मकान, वाहन, खरीदने की योजना बन सकती है. संबंध में प्रयासरत रहने की सफलता प्राप्त होगी. व्यापार में कोई महत्वपूर्ण निर्णय सोच समझ कर ले. ऋण चुकाने में सफल होंगे. माता-पिता से धन एवं उपहार प्राप्त होंगे.

**मीन :** आज आर्थिक मामलों में चल रही परेशानियां कम होगी. मकान, वाहन खरीदने की योजना बनेगी. इस संबंध में मित्रों से सहयोग प्राप्त हो सकता है. प्रेम संबंध में धन एवं उपहार का लाभ होगा. व्यापार में आय बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे. आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. पिता से आर्थिक मदद लेने के प्रयास सफल होंगे.



# प्याज की वैज्ञानिक खेती



## परिचय

प्याज ऐमारलीडेसी परिवार का सदस्य है। इसका वैज्ञानिक नाम एलियस सेपा है। अंग्रेजी में इसे ओनियन कहा जाता है। पूरे संसार में इसकी मांग है।

## गुण एवं उपयोग

प्याज की खेती 5 हजार वर्षो और इससे अधिक समय से होती आयी है। चूँकि प्याज में गंधक युक्त यौगिक पाये जाते हैं इसी वजह से प्याज में गंध और तीखापन होता है।

दवा के रूप में इसके उपयोग से खून के प्लेट बनने में अवरोध पैदा होता है जिससे मनुष्य की पतली नसों में खून के प्रवाह में बाधा पैदा नहीं होती है।

1. मसाले के रूप में
2. आयुर्वेदीय औषधि में
3. भोजन स्वादिष्ट बनाने में
4. सलाद बनाने में
5. आँख की ज्योति बढ़ाने में
6. मवेशियों एवं मुर्गियों के भोजन में
7. कीटनाशक के रूप में
8. प्याज में विटामिन-सी, लोहा और चूना अधिक पाया जाता है।

इसकी खेती के लिए समशीतोष्ण और वर्षा रहित जलवायु की सर्वोत्तम होती है। प्याज के लिए शुरू में 200 सें. गर्मी और 4 से 10 घंटे की धूप लेकिन बाद में 100 सें. गर्मी तथा 12 घंटे धूप अच्छी होती है। अन्य देशों में इसकी औसत उपज 15 टन/हें. है। वर्ष 1980 से अभी तक इसकी उपज में 65.55त्र की वृद्धि हुई है। भारत वर्ष में औसत उपज 10.32 टन/हें. है जबकि विश्व के अन्य देशों में औसत उपज 15 टन/हें. है।

## बिहार में सब्जी उत्पादन

किसी भी सब्जी के वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन में उसके प्रभेदों का अधिक महत्व है तथा हमारी मिट्टी के लिए कौन सा अनुशंसित प्रभेद हैं इसका ध्यान रखना अधिक आवश्यक है। कुछ अनुशंसित प्रभेदों के नाम नीचे दिये जा रहे हैं। ये अधिक उपज देते हैं साथ ही साथ यहाँ की जलवायु के लिए पूर्णतया उपयुक्त हैं।

इसके अलावे प्याज के और प्रभेद भी हैं जिसे किसान सब्जी बीज की दुकान से प्राप्त कर लगाते हैं। वे प्रभेद भी रजिस्टर्ड कम्पनी की होती है लेकिन यह उनकी विश्वसनीयता पर निर्भर करती है।

### बागवानी

प्याज की बागवानी हेतु भूमि का चयन भी आवश्यक है क्योंकि कंद का विकास भूमि की संरचना पर भी निर्भर करती है।

जीवांशयुक्त हल्की दोमट मिट्टी सबसे अच्छी है। अधिक अम्लीय मिट्टी सर्वथा अनुपयुक्त है। जमीन की जुताई अच्छी के साथ-साथ खाद एवं उर्वरक जुताई के समय डालकर अच्छी तरह मिला दिया जाय। मिलाने के बाद पाटा देना चाहिए। इससे खेत की नमी सुरक्षित रहती है तथा खाद को मिट्टी में मिलाने में आसानी होती है। भूमि की तैयारी के साथ पौधशाला की भी तैयारी उतनी ही आवश्यक है। पौधशाला की तैयारी में ख़ास ध्यान देकर उसे खरपतवार से मुक्त कर मिट्टी को भुरभुरी बनाये। पौधशाला में जल जमाव नहीं हो इसका विशेष ध्यान दें। पौधशाला को छोटी क्यारियों में बाँट दें। पौधशाला अपनी आवश्यकता अनुसार बनावें। साधारणतया एक हेक्टेयर प्याज की खेती हेतु 1/12 हें. में बीज लगाते हैं।

पौधशाला में बीज गिराने के बाद उसे पुआल आदि से ढँक देते हैं। बिचड़े को 4-5 सेंमी. के होने के बाद, डायथेन एम-45 का छिड़काव किया जाय ताकि सड़ने गलने से बच सकें।

## बीज की मात्रा

बीज की गुणवत्ता के आधार पर ही इसकी मात्रा निर्भर करती है। (क) बीज स्वस्थ हों, (ख) बीज की अंकुरण क्षमता प्रमाणित हो, (ग) बीज हमेशा नामांकित जगहों से प्राप्त करें।

एक हेक्टेयर प्याज लगाने के लिए 10-12 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है।

## प्याज की बुआई तीन प्रकार से की जाती है:

(क) सीधे बीज डालकर~इसे बलुआही मिट्टी में उपयोग करते हैं। इस विधि में मिट्टी को अच्छे ढंग से तैयार कर बीज खेत में छोड़ देते हैं। इस विधि में बीज की मात्रा 7-8 किलो प्रति हें. लगाते हैं।

(ख) गांठों से प्याज लगाना~ छोटे प्याज के गांठों को अप्रैल-मई में लगायी जाती है। प्याज की 12-14 क्विंटल प्रति हें. गाँठ लगते हैं।

(ग) बीज से पौध तैयार कर खेत में लगाना~ यह प्रचलित विधि है जिसके द्वारा प्याज की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है।

## खेत में रोपाईः दिसम्बर-जनवरी

बिहार कृषि महाविद्यालय, सबौर के सब्जी विभाग में कुछ वर्षो के लगातार प्रयोग के आधार पर (खाद एवं उर्वरक) में निम्नलिखित तथ्य सामने आये है और इन तथ्यों को भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी द्वारा अनुशंसित किया गया है।

सबौर क्षेत्र में प्याज के पूसा रेड प्रभेद हेतु पंक्ति से पंक्ति की दूरी 15 सें.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सें.मी. रखने की अनुशंसा की गयी है।

खाद एवं उर्वरक की मात्रा~ कम्पोस्ट 10 टन, 150 किलो नेत्रजन, 60 किलो फास्फोरस एवं 30 किलो पोटाश प्रति हें. देने की अनुशंसा की गयी है।

नेत्रजन का प्रयोग तीन बार करें और वह भी सिंचाई के बाद। स्फूर एवं पोटाश की पूरी मात्रा खेत तैयारी के समय ही दी जाय।

## बरसाती प्याज की खेती



बरसाती प्याज के लिए अनुशंसित प्रभेदों में एन.-53 की खेती ज्यादा हो रही है। इसकी अच्छी पैदावार के लिएनिम्नलिखित बातों पर ध्यान देना आवश्यक है।

महाराष्ट्र में इसकी खेती अधिक क्षेत्र में हो रही है। मुख्य फसल से प्राप्त प्याज के गांठों को अक्टूबर-नवम्बर से आगे तक भंडारण नहीं किया जा सकता है। सभी प्राय~ फूट जाती है और गाँठ खोखले हो जाते हैं। उनकी विक्री समाप्त हो जाती है।

बरसाती प्याज की खेती मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश तथा बिहार में भी हो रही है। नेफेड के द्वारा सेट उगाकर लगाने की तकनीक भी विकसित की गई है जो लाभकारी है।

बीज बोने का समय - मई के अंतिम सप्ताह से जून तक
प्रतिरोपण - अगस्त
अलगाने का समय - दिसम्बर-जनवरी

अन्य प्रभेद जिसकी खेती बरसाती प्याज के रूप में की जाती है ङ्क एग्रीफाऊड डाकरेड, बसवंत 780, अरका कल्याण, उपज 19 -20 टन/हें. ।

## बरसाती प्याज के लिए सेट तैयार करना

दिसम्बर जनवरी के माह में प्याज के बिचडों में छोटा गाँठ बाँधने पर पौधशाला से ही उखाड़ लिये जाते हैं। इन्हें गुच्छों में बांधकर रख देते हैं। रखने से पहले इसे धूप में सुखाते भी हैं। इन सेटों का प्रतिरोपण अगस्त में करते हैं। इनकी गाँठ 2 से 2.5 सें. आकार की अधिक उपयुक्त है। 25 ग्राम बीज प्रतिवर्ग मी. में बोआई करें। 12-15 क्विंटल सेट्स/हेक्टेयर के लिए आवश्यक है।

## सागा प्याज उगाने के तकनीक

सागा प्याज में पूरी गाँठ बनने से पहले पौधा सहित उखाड़ना ही सागा प्याज की खेती में व्यवहार करते हैं। सागा प्याज की खपत है, प्याज की तैयार फसल की तरह करते हैं। प्रयोग के आधार पर सागा प्याज की खेती के लिए अर्ली ग्रानो, पूसा हवाइट फ़्लैट तथा पूसा हवाइट राउंड उपयुक्त पाये गये हैं।

## निकाई गुड़ाई एवं सिंचाई

प्याज एक ऐसी फसल है जिसमें बिचड़े की रोपनी के बाद यानि जब पौधे स्थिर हो जाते हैं तब इसमें निकौनी एवं सिंचाई की आवश्यकता पड़ती रहती है। इस फसल में अधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है। इसकी जड़ें 15-20 सें.मी. सतह पफ फैलती है।

1. इसमें पाँच दिनों के अंतराल पर सिंचाई चाहिए।
2. इस फसल में 12-14 सिंचाई देना चाहिए।
3. अधिक गहरी सिंचाई हानिकारक है।
4. पानी की कमी से खेतों में दरार न बन पाये।

आरम्भ में 10-12 दिनों के अंतर पर सिंचाई करें। पुन~ गर्मी आने पर 5-7 दिनों पर सिंचाई करनी चाहिए।

हर दो-तीन सिंचाई के साथ घास-पात की निकासी आवश्यक है। इससे पौधों को उचित मात्रा में पोषक तत्व एवं प्रकाश मिलता रहता है।

खरपतवार के नियंत्रण के लिए खरपतवारनाशी टोक ई 25 का छिड़काव 5 ली. प्रति हें. की दर से करना चाहिए।

## रोग एवं व्याधि

प्याज की आंगमारी~ पत्ते पर भूरे धब्बे बाद में पत्ते सूख जाते हैं ङ्क इसके लिए 0.15त्र डायथेन जेड-78 का छिड़काव करें।

मृदुरोमिल फफूंदी~ पत्ते पहले पीले, हरे और लम्बे हो जाते हैं तथा उन पत्तों पर गोलाकार धब्बे दिखाई पड़ते हैं। बाद में ये पत्ते मुड़ने और सूखने लगते हैं।

इसकी रोक थाम के लिए 0.35त्र ताम्बा जनित फफूंदी नाशक दवा का छिड़काव करें।

गले का गलन~ इसके प्रकोप होने पर शल्क गलकर गिरने लगते हैं।

इसकी रोकथाम के लिए फसल को कीड़े और नमी से बचावें।

प्याज का थ्रिप्स~ इसके पिल्लू कीड़े पत्तों और जड़ों को छेद कर रस चूसते हैं। फलस्वरूप पत्तियों पर उजली धारियाँ दिखाई पड़ने लगते हैं और सारा फसल सफेद दिखने लगते हैं।

रोकथाम~ इसके रोकथाम के लिए कीटनाशी दवा (मालाथियान) का छिड़काव करें।

फसल की कटाई~ जब पौधों के तने सूखने लगे और सूखकर तना पीछे मुड़ने लगे तब प्याज के कंदों को खुरपी के सहारे उखाड़ लिया जाय।

गाँठ सहित पौधों को तीन-चार सप्ताह तक छाया में अवश्य सूखा लें।

## बीजोत्पादन

जमीन की तैयारी पूर्व की तरह ही करें। बीज का उत्पादन

(क) कंद से बीज

(ख) बीज से बीज प्याज के कंद से ही बीज उत्पादन होता है। प्याज पर परागित पौधा है अत~ एक ही किस्म के बीज एक जगह लगते हैं और दो किस्मों के बीच पर्याप्त दूरी छोड़ते हैं (कम से कम 700 मीटर) कंद लगाने का समय अक्टूबर है। फूल जनवरी में लगते हैं। समय-समय पर परागण हेतु प्याज के फल लगे डंठलों को हिलाना आवश्यक होता है, ताकि पूर्ण परागण हो सके।

(ग) पुराने एवं स्वस्थ गांठों को जमीन में रोपते हैं इन गांठों से बीज के बाल निकलते हैं। फूल लगते हैं। फूल के गुच्छे जब सूख जाते हैं तो इसे झाड़कर बीज प्राप्त करते हैं।

# प्याज की नर्सरी तैयार करने से लेकर पौध की रोपाई तक, जानिए सब कुछ

अगर आप किसान हैं और पहली बार प्याज की खेती कर रहे हैं तो ये खबर आपके काम आ सकती है. इस खबर में हम आपको प्याज की नर्सरी से लेकर पौध की रोपाई तक की जानकारी दे रहे हैं.

प्याज की नर्सरी तैयार करने से लेकर पौध की रोपाई तक, जानिए सब कुछ

## महाराष्ट्र सबसे बड़ा प्याज उत्पादक राज्य है



प्याज एक ऐसी फसल है जिसे लोग सब्जी और मसाला, दोनों रूप में खाते हैं. वैसे तो देश के ज्यादातर हिस्सों में इसकी खेती साल में दो बार होती है, लेकिन यह रबी सीजन की प्रमुख फसलों में से एक है. किसानों की इसकी खेती को ओर रुझान भी तेजी से बढ़ा है. प्याज का रकबा हर साल बढ़ रहा है.

अगर आप किसान हैं और पहली बार प्याज की खेती कर रहे हैं तो ये खबर आपके काम आ सकती है. इस खबर में हम आपको प्याज की नर्सरी से लेकर पौध की रोपाई तक की जानकारी दे रहे हैं.

## नर्सरी की तैयारी

प्याज की उन्नत एवं सिफारिश की गयी किस्म के बीज को 3 मीटर लम्बी व 1 मीटर चौड़ी, 15 सेमी ऊँची क्यारियों में बोएं.

500 वर्ग मीटर क्षेत्र में तैयार की गयी नर्सरी की पौध एक हेक्टेयर क्षेत्र में फसल उगने के लिए पर्याप्त होती है.

बीजों को क्यारी में बोने से पूर्व केप्टान या थायरम नामक फफुंदनाशक दवा से 2 ग्राम प्रति किग्रा बीज या ट्राईकोडर्मा विरीडी से 5 ग्राम प्रति किलो ग्राम बीज की दर से उपचारित करें.

उपचारित बीजों को 5 सेमी के अंतर पर बने गई कतारों मे 1 से 2 सेमी गहरे पर बाएं.

इसके बाद कम्पोस्ट खाद या मिट्टी की हलकी परत से बीजों को ढंककर झारे से पानी दें और क्यारियों को घास फूस या अन्य किसी वनस्पति आवरण से ढंक दें.

बीज जब अच्छी तरह अंकुरित हो जाए तो क्यारियों से घास फूस हटा दें.

इसके पहले यदि नर्सरी में सिंचाई की आवश्यकता हो तो सूखी घास हटा कर सिंचाई करने के बाद क्यारियों को फिर से सूखी घास से ढंक दें.

अंकुरण के बाद पौधों को जड़ गलन बीमारी से बचने के लिए 2 ग्राम केप्टान या थायरम दवा को एक लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें.

खरीफ में बुआई के लगभग 6-7 सप्ताह बाद तथा रबी में 8-9 सप्ताह बाद पौध खेत में रोपण के लिए तैयार हो जाती है.

## रोपाई करते समय ध्यान रखने योग्य बातें

- पौध को रोपनी से उखाड़ने के 2-3 घंटे पहले क्यारियों को सिंचित कर लेना चाहिए जिससे पौध आसानी से उखाड़ सकें.
- पौध की पत्तियों को रोपाई से पूर्व ऊपर से एक चोथाई तक काट लेना चाहिए , ऐसा करने से पौध जमीन में जल्दी लग जाती है.
- पौध की रोपाई सही समय (खरीफ में 6-7 सप्ताह बाद तथा रबी में 8-8 सप्ताह बाद) पर करना चाहिए.
- छोटी या बड़ी उम्र की पौध की खेत में रोपाई करने से प्रति इकाई क्षेत्र से उत्पादन कम मिलता है व उत्पादित प्याज की गुणवत्ता मे व भण्डारण क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है.
- जहाँ तक संभव हो पौध की रोपाई शाम के समय करना चाहिए.

## पौध की रोपाई

- जब पौध लगभग 15 सेमी ऊंचाई के हो जाएं तब वह खेत में रोपाई के लिए उपुक्त होते हैं.



- रोपाई के पूर्व पौध की जड़ों को बाविस्टीन दवा की 2 ग्राम मात्रा के 1 लीटर पानी में बने हुए घोल में 15-20 मिनिट डुबोकर रखें, उसके बाद रोपाई करे ताकि फसल को बेंगनी धब्बा रोग से बचाया जा सके.
- रोपाई करते समय कतारों के बीच की दूरी 15 सेमी तथा पौध से पौध की दूरी 10 सेमी रखें.



## प्याज की उन्नत खेती

**जलवायु ~** प्याज ठण्डे मौसम की फसल है। इसे सम जलवायु में अच्छी तरह से उगाया जा सकता है। प्याज की फसल के लिए बल्ब बनने के पूर्व 12.80 ङ्क 210 सेन्टीग्रेड एवं बल्ब के विकास हेतु 15.50 ङ्क 250 सेन्टीग्रेड तापक्रम उपयुक्त रहता है। प्रारम्भिक अवस्था में कम तापक्रम बोल्टिंग को बढ़ावा देता है एवं तापक्रम में अचानक बढ़ोत्तरी से शीघ्र परिपक्वता आती है, जिससे बल्ब का आकार छोटा रह जाता है ।

**मृदा~** प्याज सभी प्रकार की मृदाओं में उगायी जा सकती है, लेकिन कन्दीय फसल होने के कारण भुरभुरी तथा उत्तम जल निकास वाली बलुई दोमट मिट्टी सर्वोत्तम होती है ।

भूमि की तैयारी~ प्याज की रोपाई के पूर्व दो–तीन बखर चलाकर खेत को अच्छी तरह तैयार कर लेना चाहिए। तदुपरांत पाटा चलाकर खेत को समतल कर लें।

**एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन ~** खाद एवं उर्वरकों का उपयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करें। सामान्यत~ गोबर की खाद 200–250 क्विंटल, नत्रजन 100 किलोग्राम, स्फुर 80 किलोग्राम एवं पोटाश 60 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से दें । गोबर की खाद, स्फुर, पोटाश तथा नत्रजन की आधी मात्रा पौध रोपण के पूर्व भूमि की तैयारी के समय मृदा में मिलाएं तथा शेष नत्रजन की मात्रा को दो बराबर भागों में बांटकर रोपाई के 30 से 45 दिन बाद देना चाहिए ।

**पौध तैयार करना~** एक हेक्टेयर में रोपाई के लिए 10 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है ।पौध तैयार करने के लिए 331 मीटर आकार की 15 ङ्क 20 सेमी जमीन से ऊंची क्यारियां बनाएं। बीज को 4– 5 सेमी की दूरी पर कतारों में 0.5–1 सेमी की गहराई पर बोयें। बीज को बोने के पूर्व बाविस्टीन 1 ग्राम प्रति किलो या ट्रायकोडर्मा विरडी 4 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। बीज की बुवाई के बाद क्यारियों की सूखी घास अथवा पत्तों से ढंक दें।क्यारियों में आवश्यक नमी बनाए रखने के लिए नियमित रूप से सिंचाई करें ।बीज के अंकुरण होते ही पत्तों को हटा दें।पौध रोपाई के लिए 45 से 50 दिनों में तैयार हो जाती है। एक हेक्टेयर में रोपाई के लिए पौध तैयार करने हेतु 500 वर्ग मीटर स्थान की आवश्यकता होती है ।

बल्ब वर्गीय सब्जियों में प्याज का प्रमुख स्थान है।प्याज का उपयोग सब्जी, मसाले, सलाद तथा आचार तैयार करने के लिए किया जाता है। भारत में महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडू, हरियाणा एवं उत्तरप्रदेश प्याज उत्पादन में अग्रणी राज्य है। भारत में 1320.44 हजार हेक्टेयर में प्याज की खेती की जाती है, जिससे 20931.21 हजार मीट्रिक टन उत्पादन (2015–16) प्राप्त होता है।

पौध रोपण एवं समय~ पौध जब 10–15 सेमी ऊंचाई के हो जाए तब 15310 सेमी कतार से कतार एवं पौधे से पौधे की दूरी पर रोपण करें।पौध रोपण के तुरंत बाद सिंचाई करें। रोपाई का उपयुक्त समय खरीफ में जुलाई से अगस्त एवं रबी में दिसम्बर से जनवरी रहता है।

**निंदाई –गुड़ाई ~** प्याज एक उथली जड़ वाली फसल है। अत~ प्याज के खेत में उथली निंदाई–गुड़ाई करें। प्याज में खरपतवार नियंत्रण के लिए खरपतवारनाशियों का भी छिड़काव करें। रोपण के तुरंत बाद स्टाम्प (पेन्डीमिथालीन 30 ईसी) की 3.3 लीटर मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़कें।

**सिंचाई जल प्रबंधन~** सिंचाई की संख्या भूमि का प्रकार और जलवायु के ऊपर निर्भर करती है। प्याज एक उथली जड़ वाली फसल है।इसकी जड़ें भूमि की सतह से 8 सेमी की गहराई तक जाती है।प्याज में आवश्यकतानुसार प्रति सप्ताह हल्की सिंचाई करें। रबी फसल में 8–10 सिंचाई की आवश्यकता होती है।अधिक नमी में पर्पल ब्लॉच की संभावना बढ़ जाती है।खुदाई के 10 दिन पूर्व सिंचाई बंद कर दें।

खुदाई ~ जब पत्तियों का ऊपरी भाग सूखने लगे तो उसे भूमि में गिरा दें। जिससे प्याज के कंद अच्छी तरह से पक सकें।कंद की खुदाई सावधानीपूर्वक अथवा कुदाली से करें। खुदाई करते समय कन्द में चोट या खरोंच नहीं लगे।

उपज ~ प्याज की उन्नत किस्मों से औसतन 250–300 क्विंटल प्रति हेक्टेयर।उपज प्राप्त की जा सकती है।

**भण्डारण ~** प्याज का भण्डारण एक महत्वपूर्ण कार्य है। खुदाई करने के बाद कंदों को धूप में 7–10 दिन सुखाने के उपरांत हवादार कमरों में फैलाकर रखें। भण्डारण के पूर्व कटे–फटे व रोगी कन्दों को अलग कर दें।

**उन्नत किस्में~**

एग्रीफाउण्ड डार्क रेड ङ्क इस किस्म के कंद गोल, गहरे लाल, 4 – 6 सेमी व्यास के होते हैं।यह किस्म फसल रोपाई के 95–110 दिन में पककर तैयार हो जाती है।यह किस्म खरीफ के लिए उपयुक्त होती है।इस किस्म की औसत उपज 300 क्विंटल प्रति हेक्टर होती है ।

एग्रीफाउण्ड लाइट रेड ङ्क इस किस्म के कंद गोल, हल्के लाल 4–6 सेमी व्यास के होते हैं। यह किस्म रबी के लिए अनुशंसित की जाती है। फसल रोपाई के 120–125 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इस किस्म की औसत उपज 300 क्विंटल प्रति हेक्टर है ।

एनएचआरडीएफ (रेड) यह किस्म वर्ष 2006 में विमोचित की गई है।इस किस्म की भारत के उत्तरी, केन्द्रीय एवं पश्चिमी भागों में रबी मौसम में उगाने के लिए अनुशंसा की गई है।इस किस्म के बल्ब आकर्षक लाल रंग के ग्लोबाकार, गोल, 5–6 सेमी व्यास के होते हैं। एक बल्ब का औसतन वजन 100–120 ग्राम होता है। इसमें कुल घुलनशील ठोस 13–14 प्रतिशत पाया जाता है।पौधों की पत्तियां गहरे हरे रंग की होती हैं।यह किस्म प्रमुख बीमारियों के प्रति मध्यम अवरोधिता रखती है।रोपाई के 115–120 दिनों में फसल पककर तैयार हो जाती है। इस किस्म की औसत उपज 250–300 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है।

**भीमा सुपर~** इस किस्म के कंद ठोस, गोल, सकेन्द्रक, मध्यम लाल रंग के होते हैं। खरीफ में यह किस्म रोपाई के 108 दिन बाद एवं पिछेती खरीफ में 115–120 दिन बाद फसल पककर तैयार हो जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

RCB vs CSK:

### महेंद्र सिंह धोनी की भावुक विदाई!

● आंखों में दिखे आंसू, सबके बीच रहकर भी अकेले पड़ गए माही

**बेंगलुरु, एजेंसी।** गत विजेता और पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी। घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने करो या मरो के मैच में चेन्नई को हराकर प्लेऑफ में जगह बनाई। मैच के बाद अब एकबार फिर सारी निगाहें धोनी की ओर टकटकी लगाए देख रही है। जिस तरह एक के बाद एक इशारे मिल रहे थे, उसकी कड़ियों को जोड़ने पर यही लगता था कि धोनी आखिरी बार आईपीएल खेल रहे हैं। इसके बाद शायद संन्यास ले लेंगे। येलो आर्मी अगर चैंपियन बनती या फाइनल में भी पहुंचती तब तो ऐसे बिग इवेंट धोनी को ग्रैंड विदाई मिलती।

मगर अब एकबार फिर से कयासों का दौर शुरू हो चुका है। आरसीबी से हार के बाद धोनी की एक दिल तोड़ने वाली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जब जीत की उम्मीदें धीरे-धीरे धुंधली पड़ रही थी। टीम को तीन गेंद पर 11 रन की जरूरत थी। धोनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाने के बाद दूसरी पर आउट हो चुके थे। डगआउट में वापस जाकर दोबारा मैदान पर नजर गड़ाने की कोशिश कर रहे थे। सिर पीछे झुकाए, जो छुट गया उसके बारे में सोच रहे थे। आंखों में नमी थी। चेहरे पर खामोशी थी। एक अजीब सी शांति, जिसके भीतर जज्बातों का तूफान पल रहा था। शायद धोनी बखूबी जानते हैं कि वह 42 साल की उम्र में शानदार फॉर्म के बावजूद फाइनल के नजदीक पहुंचाने का मौका गंवा चुके हैं। धोनी के तमाम चाहने वाले इस बात को लेकर टेंशन में है कि क्या 18 मई दिन शनिवार को धोनी ने सीएसके के लिए अपना आखिरी मैच खेला लिया और क्या उनका आईपीएल करियर का दुखद अंत हो गया। धोनी ने 13 गेंदों में 25 रन की साहसिक पारी खेली, जो सुपर किंग्स के लिए एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ काफी साबित नहीं हुई।

पेरिस ओलंपिक

### परवीन के निलंबन के बाद ओलंपिक क्वालिफायर के 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी जैस्मिन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी थी, जबकि वाडा नियमों के तहत यह जानकारी देना अनिवार्य है । यही वजह है उन पर 22 महीने का निलंबन लगाया गया है। मुक्केबाज परवीन हुड्डा के निलंबन की वजह से भारत ने 57 किग्रा वजन वर्ग का पेरिस ओलंपिक कोटा गंवा दिया। हालांकि, अब जैस्मिन लाम्बोरिया थाईलैंड में 24 मई से शुरू होने वाले दूसरे ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालिफायर में हिस्सा लेंगी। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने शुक्रवार को परवीन को 22 महीने के लिए निलंबित कर दिया था।

चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराया

# सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन का खिताब जीता




**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया।

पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21.15, 21.15 से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे। चिराग ने जीत के बाद कहा, 'बैंकॉक हमारे लिए खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था।

सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैम्पियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

बॉक्सिंग

# निकहत-मीनाक्षी ने स्वर्ण जीता

## एलोरडा कप में भारत के नाम 12 पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किए थे। मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन और मीनाक्षी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

शनिवार को भारतीय टीम ने एलोरडा कप मुक्केबाजी में अपना अभियान सर्वश्रेष्ठ 12 पदकों के साथ खत्म किया। निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किए थे।



निकहत (52 किग्रा) ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए कजाकिस्तान की जजीरा उराकबायेवा को 5-0 के स्कोर से हराकर अपने प्रभावशाली करियर में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। मीनाक्षी ने दिन की शानदार शुरुआत करते हुए महिलाओं के 48 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा सैदाहोन को 4-1 से हराकर भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान रजत पदक के साथ समाप्त हुआ।

अनामिका ने मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन चीन की वू यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनीषा को कजाकिस्तान की विक्टोरिया ग्राफीवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

आईपीएल 2024

# यश दयाल के शानदार प्रदर्शन से बेंगलुरु की चेन्नई पर 27 रन की जीत



**बेंगलुरु, एजेंसी।** एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल ने 42 रन देकर 2 विकेट लिए, जिसमें एम.एस. धोनी को अंतिम ओवर में सात रन पर आउट करना भी शामिल था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स पर 27 रन की शानदार जीत के साथ प्लेऑफ में प्रवेश करने का हौसला बनाए रखा।

कप्तान फाफ डु प्लेसिस (54), विराट कोहली (47), रजत पाटीदार (41) और कैमरन ग्रीन (नाबाद 38) की सामूहिक बल्लेबाजी में 218/5 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद आरसीबी ने सीएसके को शुरू से ही परेशानी में डाले रखा। हालांकि रचिन रवींद्र ने 61 रन बनाए और रवींद्र जडेजा-एमएस धोनी ने 27 गेंदों पर 61 रन की साझेदारी की, लेकिन यह पर्याप्त नहीं थी, क्योंकि सीएसके प्रतियोगिता से बाहर होने के लिए 191/7 पर ही सीमित थी।

आरसीबी को लगातार छठी जीत मिली। अब वह 23 मई को अहमदाबाद में एलिमिनेटर खेलेगी। सीएसके शुरू से ही 219 रन का पीछा करने की कोशिश में नहीं थी। ग्लेन मैक्सवेल की शॉर्ट फाइन लेग पर सीधे शॉर्ट बॉल को टॉप-एज करने के बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ गोल्डन डक के शिकार हो गए।

डेरिल मिशेल कुछ खास नहीं कर सके और यश दयाल के खिलाफ मिड-ऑफ में गेंद गंवाने से पहले केवल छह गेंदों तक टिके रहे। रचिन ने अपने कट और पुल के साथ अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 66 रनों की साझेदारी करके सात चौके लगाकर शुरुआती झटकों के बाद सीएसके के जहाज को संभाला। लेकिन आरसीबी के स्पिनरों द्वारा बनाए गए दबाव का मतलब था कि अजिंक्य रहाणे लॉकी फर्ग्यूसन की पहली गेंद पर नियंत्रण करना चाहते थे, लेकिन 22 गेंदों में 33 रन बनाकर वाइड मिड-ऑफ पर आउट हो गए।

रचिन ने फर्ग्यूसन को डीप मिडविकेट पर छक्का लगाकर 31 गेंद में अर्धशतक पूरा किया, जो आईपीएल में उनका पहला अर्धशतक है। किस्मत सीएसके के साथ जा रही थी, जब सिराज ने लॉन्ग-ऑन पर शिवम दुबे का कैच छोड़ दिया। लेकिन उसी ओवर में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई और रवींद्र 37 गेंदों में 61 रन बनाकर रन आउट हो गए।

हालांकि ग्रीन की गेंद पर दिनेश कार्तिक ने जडेजा का कैच छोड़ दिया, लेकिन आरसीबी ने स्ट्राइक करना जारी रखा, क्योंकि दुबे ने फर्ग्यूसन की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट किया, जबकि फाफ डु प्लेसिस ने मिड-ऑफ पर एक हाथ से छलांग लगाकर मिशेल सेंटनर को सस्ते में आउट कर दिया।

सीएसके को 200 के पार ले जाने के लिए जडेजा और धोनी ने आपस में नौ शानदार चौके लगाए, लेकिन अंतिम ओवर में दयाल के आउट होने के बाद मैच आरसीबी के पक्ष में आ गया। सीएसके को अंतिम दो गेंदों पर क्वालिफाई करने के लिए 10 रनों की जरूरत थी, लेकिन दयाल ने एक भी रन नहीं देकर मैदान में जश्न का माहौल बना दिया।

**संक्षिप्त स्कोरः**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 20 ओवर में 218/5 (फाफ डु प्लेसिस 54, विराट कोहली 47, शार्दुल ठाकुर 2-61, मिशेल सेंटनर 1-23) ने चेन्नई सुपर किंग्स को 20 ओवर में 191/7 (रचिन रवींद्र 61, रवींद्र जडेजा 42 नाबाद) यश दयाल 2-42, कैमरून ग्रीन 1-18) 27 रन से हराया।

व्यापार

# रॉकेट की तरह बढ़ेंगे टाटा के 2 शेयर! एक्सपर्ट बोले-मुनाफे के लिए खरीद लो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कुछ कंपनियां ऐसी हैं जिनके शेयर ने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। ऐसे ही 2 शेयर- टाटा टेक्नोलॉजीज और टाटा पावर हैं। इन दोनों शेयरों पर अब एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं। घरेलू ब्रोकरेज हाउस आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज ने टाटा समूह के दोनों शेयरों को खरीदने की सलाह दी है।




## टाटा टेक्नोलॉजीज

बीते साल नवंबर महीने में लिस्टेड कंपनी टाटा टेक के शेयर पर ब्रोकरेज ने खरीदें रेटिंग दी। इसके साथ ही शेयर पर 1330 का टारगेट प्राइस तय किया है। अभी शेयर की कीमत 1052 रुपये है। शेयर का ऑल टाइम हाई 1400 रुपये है। बता दें कि टाटा टेक के आईपीओ ने शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री ली थी। लिस्टिंग के दिन ही 500 के इश्यू प्राइस से 162.85 प्रतिशत बढ़कर 1314.25 पर बंद हुआ। आइसीआइसीआइ सिक्योरिटीज ने कहा कि टाटा टेक तेजी से बढ़ते ऑटो-इंजीनियरिंग, अनुसंधान और विकास (ईआर एंड डी) सेगमेंट में अच्छी स्थिति में है। यह पारंपरिक आईटी सेवाओं को पीछे छोड़ रहा है। इसमें कहा गया है कि डिजिटल इंजीनियरिंग की बढ़ती पहुंच टाटा टेक के ग्रोथ की संभावनाओं को बढ़ाते हैं।

पावर सेक्टर के शेयर-टाटा पावर को लेकर भी ब्रोकरेज बुलिश है। ब्रोकरेज ने शेयर पर खरीदें रेटिंग देते हुए 490 का टारगेट प्राइस दिया है। वर्तमान में शेयर की कीमत 441.25 रुपये है। शेयर ने पिछले 1 साल में 109 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी के साथ मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। वहीं, 2024 में इसमें 31 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। ब्रोकरेज ने बताया कि टाटा पावर एसेट-लाइट और एसेट-हैवी दोनों व्यवसायों को मिलाकर एक लीडिंग रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) प्लेटफॉर्म स्थापित कर रहा है।

कंपनी का लक्ष्य अगले दो वर्षों में अपनी आरई क्षमता को दोगुना करना है और वह 4त्ङ्ख सेल और मॉड्यूल क्षमता को चालू करने के करीब है। कंपनी के पास रूफटॉप सौर बाजार में 13त्न बाजार हिस्सेदारी है।

## जेएसडब्ल्यू स्टील का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 65 प्रतिशत घटकर 1,322 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कच्चे माल की लागत और कुछ अन्य खर्चों के कारण जेएसडब्ल्यू स्टील का एकीकृत शुद्ध मुनाफा मार्च तिमाही में 65 प्रतिशत घटकर 1,322 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 3,741 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की कुल आय भी घटकर 46,511.28 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 47,427 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन अवधि में इसका खर्च 44,401 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले 43,170 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 में, कंपनी का शुद्ध मुनाफा बढ़कर 8,973 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले 2022-23 में यह 4,139 करोड़ रुपए था।

# दिल्ली-मुंबई और बंगलूरू में क्या है सुंदर पिचई का पसंदीदा खाना, गूगल सीईओ ने खास अंदाज में बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचई ने एओस कंपनी के संस्थापक वरुण मैया के साथ एक साक्षात्कार में अपने निजी जीवन की एक झलक पेश की। इस साक्षात्कार में उन्होंने अपने पसंदीदा भारतीय व्यंजन का भी खुलासा किया। उनसे (पिचई) जब उनके पसंदीदा भारतीय भोजन के बारे में पूछा गया, तब उन्होंने बड़े ही खास अंदाज में भारत के तीन मेट्रो सिटी दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू से एक-एक व्यंजन का नाम बताया।



## सुंदर पिचई ने बताया अपना पसंदीदा खाना

सुंदर पिचई ने बताया कि जब वह बंगलूरू में होते हैं तो उन्हें डोसा खाना बहुत पसंद है। दिल्ली में उन्हें छोले भटूरे खाना पसंद है और मुंबई में उनका पसंदीदा व्यंजन पाव-भाजी है। उन्होंने कहा, जब यह बंगलूरू होगा, तो मुझे यहां डोसा मिलेगा। यह मेरा पसंदीदा व्यंजन है। अगर यह दिल्ली है तो मुझे यहां के छोले बटूरे पसंद है। मुंबई में मैं पाव-भाजी के साथ जाना चाहूंगा।

## 3-इडियट्स का भी किया जिक्र

इस साक्षात्कार में बॉलीवुड की फिल्म 3-इडियट्स पर भी बात की गई। सुंदर पिचई ने बताया कि असली सफलता चीजों की गहरी समझ रखने में होती है। इसे समझाने के लिए उन्होंने फिल्म के मोटरसाइकिल दृश्य का संदर्भ दिया। प्रतिस्पर्धी परीक्षा मानसिकता को लेकर पूछे गए सवाल पर पिचई ने कहा, मुझे लगता है कि असली सफलता चीजों को गहराई तक समझने से मिलती है। उन्होंने यह विशेष रूप से एफएएएनजी के आवेदकों के लिए कहा। बता दें कि एफएएएनजी अमेरिकी तकनीक दिग्गजों का एक संक्षिप्त शब्द है, इसका मतलब फेसबुक, अमेजन, एपल नेटफ्लिक्स और गूगल है।

# खाद्य पदार्थों में कीटनाशक का इस्तेमाल रोकने में एफएसएसएआई विफल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक पदार्थों के उपयोग पर चिंता व्यक्त करने वाली याचिका पर केंद्र और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जवाब मांगा है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस संबंध में पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, स्वास्थ्य व



परिवार कल्याण मंत्रालय, कृषि मंत्रालय और एफएसएसएआई को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत पर्यावरणविद् और वकील आकाश वशिष्ठ द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्राथमिक कारण बन गया है। याचिका में कहा गया है कि खाद्य फसलों और खाद्य पदार्थों पर कीटनाशकों और अन्य रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग/अति उपयोग, कृत्रिम रंग, दालों, खाद्यान्न और अन्य वस्तुओं की कोटिंग और वैक्सिंग के कारण देश भर में बड़ी संख्या में मौतें हो रही हैं। याचिका में कहा गया है कि कीटनाशक युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन देश भर में कैंसर और अन्य घातक बीमारियों का प्राथमिक और प्रमुख कारण बन गया है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता शेनॉय ने शीर्ष अदालत से कहा कि याचिकाकर्ता ने देशभर से आंकड़े एकत्र किए हैं जो कीटनाशकों के कारण होने वाली मौतों की बहुत बड़ी संख्या दिखाते हैं। उन्होंने कहा, कीटनाशकों पर अंकुश लगाने और उन्हें नियंत्रित करने तथा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एफएसएसएआई पूरी तरह विफल रहा है। शेनॉय ने शीर्ष अदालत को बताया, कीटनाशकों और कैंसर के बीच सीधा वैज्ञानिक और चिकित्सकीय संबंध है और ऐसे मामले देश भर में बढ़ रहे हैं।

## नई सरकार के तहत कुछ क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों को आसान बनाने की संभावना

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत ने हाल ही में अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मानदंडों में ढील दी है और इस बात की संभावना है कि नई सरकार के सत्ता में आने पर कुछ अन्य क्षेत्रों में एफडीआई मानदंडों में राहत दी जा सकती है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने कई क्षेत्रों में एफडीआई नीति को उदार बनाया है। उन्होंने कहा कि भारत की नीतियां दुनिया में सबसे उदार एफडीआई नीतियों में से एक हैं और वास्तव में यह कई दक्षिण पूर्व एशियाई देशों की तुलना में अधिक उदार है।



# फहद फाजिल की नई फिल्म का एलान

साउथ अभिनेता फहद फाजिल इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म आवेशम की सफलता का आनंद ले रहे हैं। साथ ही वे पुष्पा 2- द रूल को लेकर भी चर्चा में हैं। इस बीच अभिनेता की नई फिल्म को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है, जिसके बाद से फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

### शांति मायादेवी लिखेंगी पटकथा


फहद फाजिल ने दृश्यम फेंचाइजी के निर्देशक जीतू जोसेफ के साथ अपनी अगली फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। इस फिल्म का निमार्ण ई4 एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा। अभी इस फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की गई है। बिना शीर्षक वाली इस फिल्म के जरिए फहद फाजिल और जीतू जोसेफ पहली बार साथ काम कर रहे हैं। वहीं, इस फिल्म की कहानी शांति मायादेवी लिख रही हैं।

### फिल्म के बारे में अन्य जानकारी

फिल्म के अन्य कलाकारों और क्रू के बारे में जानकारी निर्माताओं के जरिए जल्द ही साझा की जाएगी। जीतू की दृश्यम 2 में वकील की भूमिका निभाने वाली शांति ने निर्देशक की हालिया फिल्म नेरू लिखी थी। मोहनलाल और अनस्वरा राजन अभिनीत कोर्ट रूम ड्रामा बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। जीतू जोसेफ के साथ पहली बार काम करने को लेकर फहद फाजिल भी उत्साहित हैं।

### फहद की आने वाली फिल्में

वहीं बात करें फहद फाजिल की फिल्मों के बारे में तो फहद फाजिल आवेशम की सफलता के बाद अब वर्तमान में अल्थफ सलीम द्वारा निर्देशित ओडुम कुथिरा चादुम कुथिरा की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन, ध्यान श्रीनिवासन और लाल भी हैं। फहद फाजिल अल्लू अर्जुन के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 में भी दिखाई देंगे। सुकुमार निर्देशित यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को रिलीज होगी। फहद की एक्शन कॉमेडी आवेशम ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ रुपये की कमाई। यह फहद के करियर की सबसे बड़ी हिट है।




बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स हैं जिन्होंने मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ली हुई है। इस स्टार्स ने अपनी फिल्मों या फिर रियल लाइफ में मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ली हैं। अक्षय कुमार से लेकर टाइगर श्रॉफ और ऋतिक रोशन अपनी फिटनेस और एक्शन के लिए प्रसिद्ध हैं। आज आपको उन्हीं स्टार्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग लेकर ट्रेनर्ड मार्शल आर्टिस्ट बन चुके हैं।

# दीपिका पादुकोण से लेकर अक्षय कुमार तक, इन सितारों ने ली है मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग

**अक्षय कुमार** बॉलीवुड के ऐसे हीरो हैं, जो फिल्मों में बॉडी डबल का इस्तेमाल बहुत कम करते हैं। वह अपनी फिल्मों के ज्यादातर स्टंट और एक्शन सींस खुद ही करना पसंद करते हैं। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार अपनी फिटनेस को लेकर काफी शर्तक रहते हैं। अक्षय ने थाईलैंड से मुआय थाई मार्शल आर्ट्स की ट्रेनिंग ली हुई है।

10 अप्रैल को रिलीज हुई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में टाइगर श्रॉफ का दमदार एक्शन देखने को मिला। दर्शकों को उनका एक्शन अवतार काफी पसंद भी आया। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास रंग नहीं जमा पाई, लेकिन फिल्म में टाइगर के एक्शन सीन फैंस को बेहद पसंद आए। टाइगर भी अक्षय कुमार की तरह ही हैं। टाइगर भी अपनी ज्यादातर फिल्मों में खुद ही एक्शन सींस करते हैं। वह रोजाना जिम करते हैं, इसलिए वह काफी फिट और फुर्तीले हैं। बता दें कि टाइगर ने 14 साल की उम्र से ही मार्शल आर्ट्स सीखना शुरू कर दिया था। टाइगर ताइक्कांडो से लेकर वूशू, मॉडर्न कुंग फू, क्राव जैसी आर्ट्स सीख चुके हैं।

2009 में आई **दीपिका पादुकोण** की फिल्म चांदनी चौक टू चाइन तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में दीपिका ने दो किरदार निभाए थे। एक सिंपल और दूसरी फाइटर लड़की का रोल निभाया था। इस फिल्म के लिए स्पेशली दीपिका ने जूजुत्सु की ट्रेनिंग ली थी। फिल्म में उन्होंने अपने एक्शन से सभी को इंप्रेस कर दिया था।



बॉलीवुड अभिनेता **जॉन अब्राहम** ने एमएमए और मार्शल आर्ट्स दोनों की ट्रेनिंग ली हुई है। जॉन अपनी एक्शन फिल्मों में भी इस मार्शल आर्ट्स का इस्तेमाल करते नजर आए हैं।

# साउथ फिल्मों में जलवा बिखेर चुकी हैं तारा



तारा अलीशा बेरी अपना 36वां जन्मदिन मना रही हैं। तारा साउथ एक्ट्रेस हैं, वह कई हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। उन्होंने गायक शान की म्यूजिक वीडियो से अपना करियर शुरू किया था। तारा ने वेब सीरीज में काम कर दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। हाल ही में वह फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आई थीं। तारा अलीशा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।



# 39 साल की हुईं नुसरत भरूचा टीवी से शुरू किया था करियर

फिल्म प्यार का पंजनामा से बॉलीवुड में शोहरत हासिल कर चुकी नुसरत भरूचा की गिनती आज अच्छी अभिनेत्रियों की सूची में की जाती है। नुसरत ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। नुसरत का जन्म प्रयागराज में हुआ था। नुसरत आज भले ही फिल्म इंडस्ट्री जाना-पहचाना नाम हों, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। आइए एक नजर डालते हैं नुसरत के करियर के ऊपर।

### टीवी सीरियल से की थी शुरुआत

नुसरत ने अपने करियर की शुरुआत टीवी सीरियल से की थी। नुसरत ने साल 2002 में टीवी सीरियल किट्टी पार्टी में काम किया था। वह इस टीवी शो में बस कुछ हफ्तों के लिए नजर आई थीं। इसके बाद नुसरत ने टीवी शो सेवन में काम किया।

### इस फिल्म से किया था डेब्यू

टीवी दुनिया को अलविदा कहकर नुसरत ने अपना रुख बॉलीवुड फिल्मों की तरफ कर लिया। नुसरत ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत जय संतोषी मां फिल्म से की थी। उनकी यह फिल्म साल 2006 में रिलीज हुई थी। शुरुआत में उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थीं, लेकिन फिर फिल्म प्यार का पंचनामा ने बदल दी नुसरत की किस्मत।

### प्यार का पंचनामा से मिली शोहरत

साल 2011 में निर्देशक लव रंजन की फिल्म प्यार का पंचनामा में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आईं। यह फिल्म उनके करियर की सबसे बड़ी हिट साबित हुई। इस मूवी में उन्होंने अपनी अदाकारी से सभी का दिल जीत लिया। इस फिल्म से नुसरत को बॉलीवुड में खास पहचान मिली। इसके बाद वह प्यार का पंचनामा 2 में नजर आईं। जो सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद सोनू के टीटू की स्वीटी में नजर आईं। नुसरत की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की। इन सभी फिल्मों की सफलता के बाद नुसरत यूं ही आगे बढ़ती रहीं।

### नुसरत की आने वाली फिल्में

निर्देशक विशाल फूरिया की फिल्म छोरी 2 में नुसरत नजर आएंगी। यह एक आगामी बॉलीवुड हॉरर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में नुसरत के अलावा सोहा अली खान लीड रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग खत्म हो चुकी है।





# 16 मई को रिलीज होगी विक्रांत मैसी और मौनी रॉय की फिल्म 'ब्लैकआउट'

अभिनेता विक्रांत मैसी एक और फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं। लंबे समय से प्रशंसक उनकी नई फिल्म का इंतजार कर रहे थे। 16 मई को आगामी थ्रिलर ड्रामा फिल्म 'ब्लैकआउट' के निर्माताओं ने फिल्म के पहले पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया। आगामी फिल्म में विक्रांत मैसी और मौनी रॉय मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### इस महीने रिलीज होगी ब्लैकआउट

निर्माताओं ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर साझा किया, जिसमें फिल्म के कलाकार विक्रांत मैसी, मौनी रॉय, सुनील ग्रोवर और अन्य दिख रहे हैं। निर्माताओं ने पहले पोस्टर के साथ-साथ इसके रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी।

### मुश्किल में दिख रहे सभी किरदार

निर्माताओं द्वारा साझा किए गए पोस्टर में विक्रांत और मौनी काफी हैरान दिखाई दे रहे हैं। वहीं, सुनील ग्रोवर ने हाथ में फावड़ा है और वह मुस्कुरा रहे हैं। दूसरी ओर सौरभ और करण लाल रंग की कार के अंदर बैठे बहुत ही ज्यादा हैरान दिख रहे हैं। विक्रांत के चारो ओर सोना बिखरा पड़ा है। पोस्टर साझा करते हुए प्रोडक्शन ने कैप्शन दिया, 'इस कहानी के सभी पात्रों की लाइफ की लग चुकी है। विस्तार से जानने के लिए इंतजार करें और देखें। स्ट्रीमिंग 7 जून को जियो सिनेमा पर होगी।'

विक्रांत मैसी के आगामी परियोजनाओं की बात करें तो वह 'द साबरमती रिपोर्ट' पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ राशि खन्ना भी हैं। वहीं, मौनी राय की बात की जाए तो अभिनेत्री को हाल ही में इमरान हाशमी के साथ वेब सीरीज 'शोटाइम' में देखा गया था। जबकि, सुनील ग्रोवर हाल ही में शाहरुख खान स्टारर जवान में नजर आए थे।



# शर्मिन के समर्थन में आए शेखर सुमन

संजय लीला भंसाली की भांजी और हीरामंडी की आलमजेब बनीं शर्मिन सहगल को अपने प्रदर्शन के लिए ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ रहा है। हीरामंडी के कई सह-कलाकार अब तक शर्मिन का समर्थन कर चुके हैं, वहीं अब शेखर सुमन ने भी शर्मिन का बचाव किया। शेखर सुमन का कहना है कि ट्रोल्स शर्मिन के लिए बहुत कठोर हो रहे हैं। उन्होंने ट्रोल्स को थोड़ा नरम होने का सुझाव दिया। वह उनकी भतीजी हैं और पहले भी फिल्में कर चुकी हैं, हुआ यह है कि दुनिया उस बेचारी छोटी सी चीज पर बहुत अधिक कठोर हो गई है। वह एक युवा लड़की हैं और आलोचना उन्हें नष्ट कर सकती हैं, जहां उन्हें अपने कमेंट सेक्शन को बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। वहां लोग उनका नाम पुकारने के बजाय थोड़ा सहज हो सकते हैं।



# एनिमल के बाद प्रियदर्शन की फिल्म में खलनायक बनेंगे बॉबी देओल!

**बॉबी देओल के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। एनिमल के बाद से उनकी लोकप्रियता में गजब का इजाफा देखने को मिला है। लोगों से मिल रहे प्यार से अभिनेता भी काफी खुश हैं। इस बीच उनके आगामी प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।**

विभिन्न समाचार पोर्टल्स में चल रही खबरों की मानें तो अभिनेता जल्द ही प्रियदर्शन की फिल्म में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार को उन्हें इस फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉबी ने कुछ हफ्ते पहले इस फिल्म के विषय को सुना था और इसमें काम करने में रुचि भी दिखाई थी। एक रिपोर्ट में करीबी सूत्र के हवाले से बताया गया है कि बॉबी को जो कुछ भी सुना गया वह उन्हें पसंद आया है। विशेष रूप से उन्हें अपने किरदार और उसके आसपास की उतार चढ़ाव भरी कहानी काफी अच्छी लगी है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भले ही उनका किरदार खलनायक का हो, लेकिन यह सैफ के समानांतर लीड रोल जैसा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बॉबी की डेट डायरी अगले छह महीनों के लिए ब्लाक है। हालांकि, उन्होंने यह देखने के लिए कुछ हफ्ते अलग रखे हैं कि क्या वे इस थ्रिलर के लिए प्रियदर्शन को 30 दिन आवंटित कर सकते हैं या नहीं। बताया जा रहा है कि वे इस स्क्रिप्ट से काफी ज्यादा प्रभावित हुए हैं और वे इसमें काम करने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। इस फिल्म में सैफ अली खान को एक अंधे व्यक्ति की भूमिका निभाने की पेशकश की गई है और अभिनेता ने भी कथित तौर पर भूमिका निभाने में रुचि दिखाई है। कहा जा रहा है कि अक्षय कुमार के साथ कॉमेडी से पहले प्रियदर्शन की यह थ्रिलर शुरू होगी। मेकर्स फिल्म को अगले साल यानी 2025 में सिनेमाघरों में लाने की योजना बना रहे हैं।

# बॉलीवुड की टॉप हीरोइन बनना चाहती हैं हर्षाली मल्होत्रा

बजरंगी भाईजान की मुन्नी यानी हर्षाली मल्होत्रा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में रहती हैं। हर्षाली सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। हर्षाली ने हाल ही में 82 प्रतिशत अंकों से दसवीं का एग्जाम पास किया है हर्षाली ने एक वीडियो साझा कर ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब भी दिया है, जो उन्हें पढ़ाई करने की नसीहत देते थे। हाल ही में, एक इंटरव्यू में हर्षाली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर कुछ अपडेट साझा किए हैं और बताया है कि वह अपनी प्रोफेशनल लाइफ में जल्द ही वापस आएंगी। इसके अलावा हर्षाली की इच्छा है कि वह बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो।

